Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi
Ranchi ● Friday, 20 June 2025 ● Year : 03 ● Issue : 155 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

सुविचार

ऐसा कोई युद्ध नहीं है, जो सभी युद्धों को समाप्त कर दे।
-हारुकी मुराकामी

Parineeti Chopra Hints At Why...

SHARE

सेंसेक्स	:	81,361.87
निफ्टी	:	24,793.25

SARAFA

सोना	:	9,445
चांदी	:	122.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

पीएम मोदी का तीन देशों का दौरा खत्म, लौटे भारत

NEW DELHI : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच दिनों का विदेश दौरा पूरा करके गुरुवार को भारत लौट आए। प्रधानमंत्री सबसे पहले 15-16 जून को साइप्रस में रहे। फिर 17 जून को कनाडा पहुंचे, 18 जून को जी-7 समिट में हिस्सा लिया। फिर क्रोएशिया गए। बुधवार को क्रोएशिया की राजधानी जगरेब में पीएम मोदी के स्वागत में संस्कृत में मंत्र पढ़े गए और भारतीय नृत्य पेश किया गया। इसके बाद मोदी भारतीय समुदाय के लोगों से मिले। मोदी ने क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविच से द्विपक्षीय बातचीत की। ये किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा है। यहां 17 हजार से ज्यादा भारतीय रहते हैं। भारत और क्रोएशिया दोनों लोकतंत्र जैसे मूल्यों से जुड़े हैं प्रधानमंत्री मोदी ने क्रोएशिया की पहली यात्रा पर गर्मजोशी से स्वागत के लिए वहां की सरकार और प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेनकोविच का धन्यवाद किया।

पीएम मोदी ने राहुल गांधी को दी जन्मदिन की बधाई

NEW DELHI : गुरुवार (19 जून) को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 55 साल के हो गए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित देश की कई प्रमुख राजनीतिक हस्तियों ने उन्हें शुभकामनाएं भेजकर उनके दीर्घायु होने और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एक्स' के माध्यम से राहुल गांधी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा, राहुल गांधी को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं। ईश्वर उन्हें लंबा एवं स्वस्थ जीवन प्रदान करें। खड़गे ने अपने पोस्ट में लिखा- राहुल गांधी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। जो चीज आपको अलग करती है वह संविधान के मूल्यों के प्रति आपका ऑपरेटिंग समर्पण और उन लाखों लोगों के लिए सामाजिक राजनीतिक और आर्थिक न्याय के प्रति आपके गहरी करुणा जिनकी आबादी अक्षर अनसुनी कर दी जाती हैं।

कोरोना से अब तक 116 की मौत, 6 हजार एक्टिव केस

NEW DELHI : देश में कोरोना वायरस के एक्टिव केसों की संख्या घटकर 5976 हो गई है। बीते 24 घंटे में 507 मरीज रिकवर हुए हैं। वहीं 40 नए केस भी सामने आए हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, जनवरी 2025 से लेकर अब तक नए वैरिएंट से 116 मौतें हुई हैं। बुधवार को 3 लोगों ने जान गंवाई है। दिल्ली में 2 और केरल में एक मौत हुई है। केरल में सबसे ज्यादा 1309 एक्टिव केस हैं। सबसे ज्यादा मौतें भी केरल में 37 हुई हैं। गुजरात में 1046 और पश्चिम बंगाल में 747 मामले हैं। नया वैरिएंट देश के 32 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैल गया है। भारत के कई राज्यों में कोविड-19 के मामलों में बढ़ोतरी के बीच देश में चार नए वैरिएंट मिले हैं।

अस्त-व्यस्त हो गया जनजीवन, टूट गए पुल, पानी में फंसे कई वाहन, उफान पर नदियां

झारखंड में गर्मी से राहत देकर आफत बन गई बारिश, चार की गई जान, 13 जख्मी

PHOTON NEWS RANCHI : 17 जून को झारखंड में मानसून के प्रवेश के बाद से लगातार हो रही बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। गर्मी से राहत देने के बाद बारिश आफत बन गई है। गुरुवार को राज्य के कई जिलों में नदियां उफान पर हैं, जिससे बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। इस आपदा में अब तक चार लोगों की जान जा चुकी है, जिनमें तीन बच्चे शामिल हैं। वहीं 13 लोग जख्मी बताए जा रहे हैं। कई जगहों पर पुल टूट गए हैं, वाहन पानी में फंसे हुए हैं और कई लोग सुरक्षित स्थानों पर फंस गए। मौसम विभाग की ओर से 24 जून तक बारिश होने का अलर्ट जारी किया गया है। वज्रपात होने की भी आशंका जताई गई है। पश्चिम बंगाल और आसपास के इलाकों में निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है, जो दक्षिणी से उत्तरी हिस्से में होते हुए झारखंड को पार कर रहा है। इसके प्रभाव से राज्य के कई जिलों में अत्यधिक भारी बारिश हो रही है। रांची के तमाड़ में घर गिरने से छह साल की एक बच्ची की मौत हो गई। खूंटी के मुरहू में एक निमाणार्धीन कुएं में दो नाबालिग बच्चे दब गए। लगातार हो रही बारिश से झारखंड का हाल-बेहाल है। स्वर्णरेखा, खरकाई समेत कई नदियां उफान पर हैं। रांची में लगातार बारिश से कई जगह जल-जमाव हो गया है। सड़कों पर पानी भरा है। शहर हो या गांव हर जगह आम जनजीवन प्रभावित हो गया है। लगातार हो रही बारिश की वजह से प्रदेश के विभिन्न जिलों में बहने वाली छोटी-बड़ी नदियों का जलस्तर बढ़ गया है, हालांकि अभी ये खतरे के निशान से नीचे हैं। बोकारो जिले के तेनुघाट डैम के गेट को खोला गया है। धनबाद में मैथन डैम के फाटक भी खोले गए हैं। जमशेदपुर में स्वर्णरेखा और खरकाई नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है।

पेज 02, 03 व 04 भी देखें।

जोन्हा फॉल में बह गया एक लड़का, कहीं सड़क धंसी और कहीं घर में घुसा पानी

बोकारो में खोला गया तेनुघाट डैम का फाटक, मौसम विभाग का पूर्वानुमान- 24 जून तक वर्षापात

अगले 24 घंटे में 200 मिमी वर्षा की चेतावनी

आईएमडी ने बुलेटिन में कहा है कि पिछले 6 घंटे के दौरान जिन इलाकों में 65 मिलीमीटर बारिश हुई है और पिछले 24 घंटे के दौरान जिन क्षेत्रों में 145 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है, वैसे इलाकों में चिंता ज्यादा है। पश्चिमी राजस्थान, असम और मेघालय के जलाशय 90 से 99 प्रतिशत तक सैचुरेशन प्वाइंट पर आ गये हैं। आईएमडी के मुताबिक, डायनामिक ग्लोबल एंड मेसोस्केल मॉडल का पूवानुर्मान बताता है कि अगले 24 घंटे में 200 मिलीमीटर तक बारिश हो सकती है। चाईबासा के चक्रधरपुर लगातार बारिश के कारण एक मिट्टी का घर ढह गया, जिसमें दबने से एक महिला की मौत हो गई और तीन बच्चे घायल हो गए।

खूंटी के अड़की में सबसे अधिक दर्ज की गई वर्षा

पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश खूंटी जिले के अड़की में 155.8 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। रांची में 47.2 मिमी बारिश दर्ज की गई।

आज भी बंद रहेंगे सभी स्कूल

मौसम विज्ञान विभाग द्वारा रांची जिले को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं 20 जून को भी भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। इस चेतावनी को देखते हुए उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने जिले के सभी सरकारी, गैर-सरकारी, सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक सहित और निजी स्कूलों को बंद रखने का आदेश जारी किया है। यह आदेश केजी से लेकर क्लास 12वीं क्लास के सभी स्कूलों पर लागू होगा। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह निर्णय छात्रों की सुरक्षा और संभावित आपदा की स्थिति से बचाव के दृष्टिकोण से लिया गया है।

इन जिलों में भारी बारिश का रेड अलर्ट

झारखंड के बोकारो, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, रांची, सरायकेला, सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम जिलों में भारी बारिश होगी। इसकी वजह से कहीं मध्यम तो कहीं भारी बाढ़ आने की आशंका है। सबसे ज्यादा चिंता का विषय निचले इलाके हैं। इसलिए प्रशासन को समय रहते कदम उठाना चाहिए।

मौसम केंद्रों को किया गया सतर्क

आईएमडी ने कोलकाता के क्षेत्रीय मौसम केंद्र, मुंबई के क्षेत्रीय मौसम केंद्र, मौसम केंद्र भुवनेश्वर, मौसम केंद्र रांची, मौसम केंद्र अहमदाबाद और मौसम विभाग के जुड़े सभी कार्यालयों को नेशनल फ्लैश फ्लड गाइडेंस बुलेटिन भेजी गयी है। इसमें ओडिशा और उससे सटे इलाकों के अलावा पश्चिम बंगाल के मैदानी इलाकों, झारखंड, गुजरात क्षेत्र, कोंकण और गोवा मौसम केंद्रों को अलर्ट किया गया है।

अधिक बारिश में वाहन चलाने से बचें

भारी बारिश में दृश्यता कम हो जाती है, ऐसे में वाहन चलाने से बचें। यदि संभव हो तो गाड़ी किनारे रोककर बारिश थमने का इंतजार करें। कभी भी बहते पानी में गाड़ी लेकर न उतरें, सिर्फ कुछ इंच पानी भी वाहन को बहा सकता है। बाढ़ के पानी में तैरना या किसी भी तरह की गतिविधि करना खतरनाक हो सकता है, क्योंकि यह दूषित होता है।

छत्तीसगढ़ के कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया को एसीबी ने किया अरेस्ट

PHOTON NEWS RANCHI : गुरुवार को झारखंड के एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने शराब घोटाला मामले में छत्तीसगढ़ के कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया को अरेस्ट कर लिया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सिद्धार्थ सिंघानिया को रायपुर से गिरफ्तार किया गया है। उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के पूर्व प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे के कार्यकाल में मई 2022 में लागू उत्पादन नीति में सिद्धार्थ सिंघानिया की सक्रियता थी। छत्तीसगढ़ मॉडल पर आधारित इस नीति में सिद्धार्थ सिंघानिया महत्वपूर्ण भूमिका में था। उस समय उसने ही झारखंड की खुदरा शराब दुकानों में मैनपावर आपूर्ति का ठेका लिया था। झारखंड में शराब घोटाला केस उजागर होने के बाद से ही एसीबी की टीम सिद्धार्थ सिंघानिया से पूछताछ करने के लिए समन जारी कर रही थी। वह जांच एजेंसी के सामने उपस्थित नहीं हो रहा था। इसके बाद एसीबी ने कोर्ट से सिंघानिया का गिरफ्तारी वारंट लिया और फिर छत्तीसगढ़ जाकर उसे गिरफ्तार किया।

शराब घोटाला

- मई 2022 में झारखंड में लागू शराब उत्पादन नीति में सिंघानिया की थी सक्रियता
- समन जारी होने के बाद भी जांच एजेंसी के सामने नहीं हो रहा था उपस्थित

बड़ा सवाल : क्या अमिताभ और रवि शंकर की स्वच्छ छवि से धुलेंगे उत्पाद विभाग के दाग

फैसला : सरकार ने शराब घोटाले की जांच के बीच दो ईमानदार अफसरों को सौंपी बदनाम महकमे की कमान

प्रसंगवश

DR. BRAJESH MISHRA @ RANCHI : भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो झारखंड की ओर से की जा रही शराब घोटाले की जांच के बीच झारखंड सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। राज्य सरकार ने घोटाले के आरोप से खराब हुई उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की छवि को साफ करने के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा के दो स्वच्छ छवि वाले अधिकारियों का चयन किया है। राज्य में अब तक आई तमाम सरकारों के समय इन दोनों अधिकारियों की कार्य प्रणाली निर्विवाद रही है। एक तरफ जहां सरकार की ओर से वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अमिताभ कौशल को वाणिज्य कर विभाग के सचिव के साथ ही उत्पाद विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है, वहीं सरायकेला-खरसावां के पूर्व उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला को उत्पाद आयुक्त बनाया गया है। उन्हें झारखंड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त दायित्व भी दिया गया है। राज्य के पूर्व सूचना आयुक्त एवं वरिष्ठ पत्रकार बैजनाथ मिश्र की मानें, तो राज्य सरकार ने यह फैसला बेहद सोच समझ कर लिया है। सरकार को इन दोनों अधिकारियों की ईमानदारी और कर्तव्य निष्ठा पर पूरा भरोसा है। यही कारण है कि कठिन हालात में इन दोनों अधिकारियों को कमान सौंपी गई है।

राज्य में अब तक आई सभी सरकारों के समय निर्विवाद रही है इन दोनों अधिकारियों की कार्य प्रणाली

जानें इन दोनों अधिकारियों और इनकी कार्यप्रणाली के बारे में

डॉ. अमिताभ कौशल

डॉ. अमिताभ कौशल मूल रूप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले यूपीएससी के 2001 बैच के झारखंड कैडर के अधिकारी हैं। उन्होंने एमबीबीएस की पढ़ाई की है। झारखंड के अलग-अलग जिलों में उपायुक्त के रूप में सेवा दे चुके हैं। अमिताभ कौशल खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के सचिव रहे हैं। इसके अलावा निबंधन, भूमि सुधार एवं राजस्व विभाग के सचिव का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। अमिताभ कौशल ने पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त रहते हाईकोर्ट के आदेश पर टाटा लीज की 59 सब-लीज भूमि की जांच की थी। आरोप था कि टाटा स्टील प्रबंधन ने लीज शर्तों का उल्लंघन करते हुए टाटा पावर और न्यूवोको सीमेंट को सब-लीज दे दिया था। इन दोनों कंपनियों पर सब-लीज के रेंट की बकाया राशि के निर्धारण एवं वसूली की प्रक्रिया इन्हीं के कार्यकाल में शुरू हुई। डॉ.अमिताभ कौशल को सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेंस विभाग का सचिव भी बनाया गया था। वह सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के भी सचिव रहे हैं। इससे पहले इन्हें झारखंड सरकार की ओर से योजना एवं वित्त विभाग के सचिव के रूप में बूढ़ा पहाड़ विकास परियोजना के लिए गठित तीन सदस्यीय टीम का अध्यक्ष बनाया गया था। इसके जरिए इलाके में सड़क निर्माण, स्वास्थ्य सुविधाएं, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था पर फोकस करते हुए लागू की जाने वाली योजनाएं तैयार कराई गईं।

रवि शंकर शुक्ला

रवि शंकर शुक्ला 2012 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। वह राज्य के पांच जिलों में उपायुक्त के तौर पर सेवा दे चुके हैं। हाल ही में उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में प्राइम मिनिस्टर अवॉर्ड फॉर एक्सीलेंस इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन 2024 के पुरस्कार से सम्मानित किया था। इससे पहले उन्हें दुमका जिले में लैंड रिकॉर्ड मॉडर्नाइजेशन के लिए राष्ट्रपति से भूमि पुरस्कार प्राप्त हुआ था। वर्ष 2024 में इन्हें राज्यपाल ने नेशनल वोटर डे पर बेहतर सेवा के लिए सम्मानित किया था। हजारीबाग के उपायुक्त रहते स्वच्छता के लिए किए गए कार्य के लिए शुक्ला को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान प्राप्त हो चुका है। रवि शंकर शुक्ला मूल रूप से उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के रहने वाले हैं। पिता न्यायिक सेवा में रहे हैं। रवि शंकर शुक्ला शायद ऐसे पहले आईएएस अधिकारी हैं, जिन्हें पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से लेकर हेमंत सोरेन तक ने अपने मुख्यमंत्रित्व काल में बतौर उपायुक्त अपने गृह जिले की कमान सौंपी। इसके अलावा राज्य में पैदा हुए वैधानिक संकट के बीच मुख्यमंत्री बने चम्पाई सोरेन के कार्यकाल के दौरान यह उनके गृह जिले सरायकेला-खरसावां के उपायुक्त रहे। इसके अलावा कोविड-19 महामारी के दौरान स्वास्थ्य विभाग में बतौर निदेशक सेवा दे चुके हैं।

सिकल सेल उन्मूलन झारखंड का संकल्प मजबूत, पीड़ितों से संवाद कर सीएम हेमंत बोले-

संक्रमितों को बेहतर इलाज देने की कोशिश कर रही सरकार

PHOTON NEWS RANCHI : विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस के अवसर पर यूनिसेफ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सिकल सेल से पीड़ित युवक-युवतियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार इस रोग के उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है और इसे समाप्त करने के लिए एक समग्र रणनीति के तहत कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सिकल सेल से संक्रमितों को बेहतर इलाज और अच्छा जीवन देना हमारा प्रयास है। यह बीमारी सिर्फ मरीज को ही नहीं, पूरे परिवार को प्रभावित करती है। ऐसे में यह हम सबकी साझा जिम्मेदारी है कि इसके खिलाफ मिलकर लड़ें।

आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ एवं सुरक्षित जीवन देना सरकार की प्रतिबद्धता

हेल्थ प्रोफाइल का डेटा नियमित रूप से समय-समय पर किया जाना चाहिए अपडेट

- सभी के सामूहिक प्रयासों से ही इस बीमारी को जड़ से समाप्त करना संभव
- और व्यापक स्तर पर जन जागरूकता फैलाने की है जरूरत
- इस रोग की रोकथाम के लिए अधिक से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग जरूरी
- हर स्तर पर एक समग्र रणनीति के तहत राज्य सरकार कर रही काम

स्क्रीनिंग पर दिया विशेष जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिकल सेल की रोकथाम के लिए अधिक से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग जरूरी है। अक्सर लोग इस बीमारी से अनजान होते हैं और अनजाने में इसे अगली पीढ़ी में स्थानांतरित कर देते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि नवजात शिशुओं की स्क्रीनिंग अनिवार्य रूप से कराई जाए, ताकि प्रारंभिक अवस्था में ही इलाज संभव हो सके। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया कि सिकल सेल से पीड़ित व्यक्तियों को जांच, दवाइयां और रक्त की नियमित और आसान उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

हेल्थ काउंसलर की भूमिका अहम

मुख्यमंत्री ने हेल्थ काउंसलर की भूमिका को अहम बताते हुए उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण और संसाधन उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि काउंसलर अनुवांशिक बीमारियों की पहचान और लोगों की मानसिक तैयारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मुख्यमंत्री ने सिकल सेल पीड़ित युवतियां आतिया कौशर, स्नेहा तिर्की, सान्या परवीन, विमला कुमारी और अब्दुल हकीम अंसारी से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। एक युवती ने बताया कि बीमारी के कारण वह नियमित रूप से कॉलेज नहीं जा पाती, जिससे उसकी पढ़ाई प्रभावित होती है।

अहमदाबाद विमान हादसा

डेटा रिकवरी के लिए ब्लैक बॉक्स भेजा जाएगा अमेरिका

AHMEDABAD : एयर इंडिया हादसा में गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त ब्लैक बॉक्स के विस्तृत विश्लेषण के लिए उसे अमेरिका भेजे जाने की तैयारी है। हादसे में आग लगने से ब्लैक बॉक्स को व्यापक नुकसान पहुंचने के कारण भारत में डेटा हासिल करना संभव नहीं हो पाया है। एयर इंडिया बोइंग 787 दुर्घटना में गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (डीएफडीआर) की जांच वाशिंगटन स्थित नेशनल सेफ्टी ट्रांसपोर्ट बोर्ड (एनटीएसबी) की प्रयोगशाला में की जाएगी। एनटीएसबी की टीम भारतीय अधिकारियों की सुरक्षा और निगरानी में उसे अपनी प्रयोगशाला में ले जाएगी। यूनाइटेड किंगडम (यूके) की वायु दुर्घटना जांच शाखा के प्रतिनिधि विश्लेषण में भाग लेंगे, क्योंकि हताहतों में 53 ब्रिटिश नागरिक भी शामिल थे। दुर्घटना की जांच के दौरान ब्लैक बॉक्स महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करते हैं।

बिहार में सिपाही बहाली घोटाला मामले में कार्रवाई

रांची और पटना सहित 11 ठिकानों पर ईडी ने मारी रेड

PHOTON NEWS TEAM : गुरुवार को बिहार में सिपाही बहाली घोटाला मामले में पटना की एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट (ईडी) टीम ने बिहार की राजधानी पटना, झारखंड की राजधानी रांची, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश के कुल 11 ठिकानों पर छापा मारा है। मनी लॉन्ड्रिंग के तहत दर्ज इस मामले में ईडी की यह बड़ी कार्रवाई है। रांची के बरियातू इलाके में ईडी की टीम ने जूनियर इंजीनियर रहे सिकंदर यादवेंदु के ठिकाने पर दबिश दी। पटना में डॉ. शिव के आवास पर रेड मारी गई। ईडी की टीम नालंदा (बिहार), लखनऊ (उत्तर प्रदेश) और कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में भी छापेमारी की। बताया जा रहा है कि जांच एजेंसी ने कई अहम दस्तावेज और डिजिटल डिवाइस जब्त किए हैं। माना जा रहा है कि इस कार्रवाई से पेपर लीक मामले से जुड़े कई और बड़े खुलासे हो सकते हैं। जानकारी के अनुसार, बिहार में पदस्थापित जेई रहे सिकंदर यादवेंदु को सिपाही नियुक्ति पेपर लीक मामले में पहले ही गिरफ्तार किया गया था, फिलहाल वह जमानत पर बाहर है।

- मनी लॉन्ड्रिंग केस में कई अहम दस्तावेज व डिजिटल डिवाइस जब्त
- हो सकते हैं पेपर लीक मामले से जुड़े कई और बड़े खुलासे

BRIEF NEWS

कोलकाता से बिहार जा रही बस पलटी

HAZARIBAG : बरकट्ठा अनुमंडल के गोरहर थाना क्षेत्र में गुरुवार को कोलकाता से बिहार जा रही सियाराम बस पांतितीरी गांव के पास एनएच -19 पर अनियंत्रित होकर पलट गई। बस की छत पर प्रतिबंधित मांगुर मछली लदी थी। अधिक वजन से बस का संतुलन बिगड़ गया। हालांकि बस में यात्रियों की संख्या कम होने से कोई जनहानि नहीं हुई। कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आईं। स्थानीय ग्रामीण

तुरंत मदद के लिए आगे आए। उन्होंने घायलों को बस से बाहर निकाला। गोरहर थाना प्रभारी सोनू कुमार ने घायलों को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बस को हटाया और मछली की ढुलाई से जुड़े तथ्यों की जांच शुरू कर दी है। एनएच-19 पर पिछले कुछ महीनों में कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। स्थानीय लोगों ने भारी वाहनों की नियमित जांच की मांग की है। प्रशासन की ओर से अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ओवरलोडिंग और नियमों की अनदेखी से ऐसी दुर्घटनाएं हो रही हैं।

सड़क हादसे में दो युवकों की मौत, एक गंभीर

PALAMU : नेशनल हाइवे 139 डालटनगंज-औरंगाबाद मुख्य पथ पर

हरिहरगंज थाना क्षेत्र के अररूआखुर्द मिडिल स्कूल के पास एक हाइवा ट्रेलर (बीआर 24जीसी 7915) ने गलत दिशा में जाकर बाइक सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी। मौके पर ही एक युवक की मौत हो गयी, जबकि एक ने इलाज के लिए ले जाने के क्रम में दम तोड़ दिया। एक का इलाज चल रहा है। गुरूवार को शव का पोस्टमार्टम हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया। मृतकों में बेलोदर गांव के रंजन सिंह (25), विघापर के दीपक कुमार यादव (27) शामिल है। जख्मी युवक की पहचान सन्नी पासवान (24)के रूप में हुई है। सन्नी अररूआखुर्द विघापर का रहने वाला है। घटना बुधवार देर रात की है। जानकारी के अनुसार हाइवा टेलर औरंगाबाद की ओर से आ रहा था। तीनों युवक अररूआखुर्द मिडिल स्कूल के पास सड़क किनारे बाइक लगाकर खड़े थे। इसी क्रम में हाइवा टेलर अनियंत्रित होकर और गलत दिशा में जाकर तीनों को टक्कर मार दी। घटनास्थल पर ही रंजन सिंह की मौत हो गयी। दीपक और सन्नी को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती किया गया। वहां से उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया गया।

सुसाइड कांड की आरोपी सोनाली ने की खुदकुशी

RAMGARH : रामगढ़ थाना क्षेत्र के रांची रोड इंदिरा कॉलोनी में आरोपित सोनाली कुमारी ने फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। बुधवार की रात इस खुदकुशी की खबर ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में ले लिया, जिस कमरे में सोनाली ने फंदे से लटक कर खुदकुशी की। वहां चार पन्ने का सुसाइड नोट भी उन्हें मिला है। सुसाइड नोट में सोनाली ने रामगढ़ पुलिस पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। इस मामले में रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने बताया कि गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। साथ ही पूरे मामले की जांच भी शुरू कर दी गई है। जो भी दोषी पाए जाएंगे उन पर कार्रवाई अवश्य होगी।

उकसाने के लिए आरोपी थी सोनाली : रांची रोड इंदिरा कॉलोनी निवासी विमल कुमार सिंह की पुत्री सोनाली रामगढ़ थाना कांड संख्या 383/24 की आरोपित थी। सोनाली पर अपने बॉयफ्रेंड को खुदकुशी करने के लिए उकसाने का आरोप लगाया गया था।

सांसद ने लिया बाढ़ प्रभावित इलाकों का जायजा

JAMSHEDPUR : शहर में लगातार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह

प्रभावित कर दिया है। खासकर सोनारी मंडल के विभिन्न क्षेत्रों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। इसी स्थिति का स्थलीय निरीक्षण करने के लिए जमशेदपुर के सांसद श्री विद्युत वरण महतो ने गुरुवार को बाढ़ प्रभावित बस्तियों का दौरा किया और राहत कार्यों का नेतृत्व किया। सांसद विद्युत वरण महतो ने बलराम बस्ती, बच्चा सिंह बस्ती, जाहिरा बस्ती, और तिलोज़ भट्टा जैसे प्रभावित क्षेत्रों में जाकर स्थानीय लोगों से बातचीत की। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया।

पलामू में हथियार के साथ दो युवक गिरफ्तार

PALAMU : जिले के नौडीहा बाजार थाना अंतर्गत पुलिस ने ग्राम मंगराडीह, करकटा में दो युवक अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों को सोशल मीडिया पर धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। छापेमारी के दौरान नौडीहा बाजार थाना पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए छापामारी की गई, जिसमें दो युवकों को एक देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में मंगराडीह निवासी सोनू कुमार और श्रीपालपुर निवासी सूरज कुमार शामिल है।

भारी बारिश से कहीं टूटा पुल, कहीं धंसी सड़क, कई क्षेत्रों का शहर से टूटा संपर्क

खूंटी में पेलोल गांव के पास टूटा हुआ बनई नदी पर बना पुल

PHOTON NEWS TEAM : पिछले तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश ने जन-जीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। राज्य के कई जिलों में बारिश की वजह से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़े रहा है। विभिन्न जिलों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कहीं पुल टूट गया है, तो कहीं सड़क धंस गई है। कई जगहों पर तो जलजमाव की वजह से भी आवागमन बाधित हुआ है। इस वजह से ग्रामीण क्षेत्रों का शहर से संपर्क टूट गया है। नदियां और जलप्रपात उफना गए हैं। कई नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर चला गया है। पढ़ें-यह रिपोर्ट।

KHUNTI : खूंटी-सिमडेगा मुख्य मार्ग पर पेलोल गांव के पास बनई नदी पर बना उच्च स्तरीय पुल के बीच का हिस्सा टूट कर धंस गया। इससे इस मार्ग पर यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया है। यह पुल राजधानी रांची को खूंटी, सिमडेगा और ओडिशा, छत्तीसगढ सहित अन्य राज्यों को जोड़ने वाला है। साथ ही बाबा आम्रेश्वर धाम जाने के लिए सबसे आसान मार्ग यही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पुल की स्थिति कई दिनों से जर्जर थी। इसके बावजूद उस पर भारी वाहनों का आवागमन जारी था। पिछले दो दिनों से भारी वर्षा से गुरुवार सुबह पुल के एक हिस्से में दरार आने के बाद अचानक वह धंस गया। उसी दौरान एक ट्रक बीच मे जाकर फंस गया। हालांकि कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई। आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। वैकल्पिक मार्गों से यातायात का संचालन हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पुल का निर्माण लगभग दस-बारह वर्ष हुआ था। निर्माण के दौरान गुणवत्ता का खयाल नहीं गया और करोड़ों की लागत से बना पुल टूट गया।

लोहरदगा में वर्षा से बढ़ी लोगों की परेशानी, नदियां उफान पर

LOHARDAGA : लोहरदगा जिला में पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश ने जमकर तबाही मचाई है। लगातार हो रही बारिश से यहां के लोगों को काफी नुकसान हुआ है। बारिश ने जिले के विभिन्न इलाकों में गरीबों के 12 (कच्चे मकान) आशियाने को ध्वस्त कर दिया। साथ ही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लोहरदगा शहर से लेकर गांव देहात में बारिश का असर देखा जा रहा है। मूसलाधार बारिश से दर्जनों पेड भी उखड गए। इससे बिजली व्यवस्था पर भी प्रभाव पडा है। लोहरदगा शहर में तीन दिनों से जलापूर्ति बाधित हो गई है। जोरदार बारिश को देखते हुए उपायुक्त डॉ ताराचंद के निर्देशानुसार जिला प्रशासन के तमाम पदाधिकारी और कर्मचारी पूरे वस्तु स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। डीसी ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। लगातार हो रही बारिश से बाजारों में विरानगी छायी हुई है। अधिकांश दुकान बंद हैं और लोग घरों में रहने को विवश हैं।

दामोदर-भैरवी में उफान

RAMGARH : मौसम विभाग ने 72 घंटे का रेड अलर्ट जारी किया है। रामगढ़ में पिछले 36 घंटे से लगातार बारिश हो रही है। इस वजह से दामोदर और भैरवी नदी उफान पर है। इसके अलावा कई नदियों में भी अचानक पानी भर गया है। रामगढ़ जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से नदी की तरफ नहीं जाने की अपील जारी की है। दामोदर में पानी इतना अधिक भर गया है की रजरप्पा में दो नदियों का संगम बन गया है। यहां दामोदर और भैरवी नदी का जलस्तर एक बराबर हो गया है। रजरप्पा मां छिन्नमस्तिका दरबार में भी लगने वाले दुकानों को लोगों ने हटा लिया है। कई दुकानों में पानी भर गया है। यहां तक की दामोदर नदी का जलस्तर तांत्रिक घाट तक पहुंच गया है। मंदिर न्यास समिति के पदाधिकारियों ने भी वहां आने वाले श्रद्धालुओं से नदी की तरफ नहीं जाने की अपील की है। कुछ लोग भैरवी नदी पर पुल के ऊपर बह रहे पानी में सेल्फी लेने के लिए भी घुस रहे थे, जिन्हें न्यास समिति के सदस्यों के द्वारा रोका गया।

रेल यातायात प्रभावित, कई ट्रेनें रद्द

JAMSHEDPUR : लगातार हो रही बारिश से चक्रधरपुर मंडल के अंतर्गत टाटानगर रेलवे स्टेशन यार्ड में अत्यधिक जलजमाव के कारण रेल यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। रेल पटरियों पर पानी भर जाने के कारण ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन में दिक्कतें उत्पन्न हो गई हैं। इसे देखते हुए रेलवे प्रशासन ने 19 जून 2025 को चलने वाली कई ट्रेनों को रद्द कर दिया है, जबकि कुछ महत्वपूर्ण ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित किया गया है।

कोयल नदी में आई बाढ़

PALAMU : पलामू जिले में हो रही लगातार बारिश के कारण कोयल नदी में बाढ़ आ गई है। अचानक बाढ़ आने के कारण मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के शाहपुर में जलापूर्ति कुएं में स्टेनर गैलरी निर्माण में लगी मशीन और ट्रैक्टर गुरूवार को बहने लगे। हालांकि मौके पर मौजूद कर्मियों ने रेस्क्यू कर बाहर निकाला। हालांकि इसके बाद भी दो मोटर पंप बाढ़ के पानी में फंस गई है। पानी कम होने के बाद बाहर निकाला जाएगा। इसके साथ ही स्टेनर गैलरी निर्माण योजना अधर में लटक गयी है। संभावना है कि अब अगले साल गर्मी में काम शुरू होगा। ऐसे में चैनपुर जलापूर्ति योजना पर असर पड़ने की पूरी संभावना है। जानकारी के अनुसार चैनपुर जलापूर्ति योजना के लिए शाहपुर स्थित कोयल नदी किनारे इंटक वेल में स्टेनर गैलरी बनाई जा रही थी। लंबे समय से कार्य चल रहा था, बावजूद जरूरी उपकरण समय से नहीं आने के कारण निर्माण कार्य अटका हुआ था। इसी क्रम में दो दिनों से हो रही बारिश के कारण कोयल नदी में पानी भर गया।

जवाब दे गया डायवर्सन

KHUNTI : बारिश ने एक ओर जहां आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। वहीं दूसरी ओर पुल और डायवर्सन के बह जाने से भी परेशानी बढ़ गई है। भारी बारिश के कारण मुरहू थाना क्षेत्र के हेसेल और पेलौल गांवों के बीच नाले पर बना अस्थायी डाइवर्सन गुरुवार को तेज जल प्रवाह में बह गया। खूंटी-सिमडेगा पथ पर पेलौल और बिचना के मध्य उच्च स्तरीय पुल के टूटने के बाद यह मार्ग छोटी गाड़ियों के लिए एक वैकल्पिक मार्ग के रूप में उपयोग किया जा रहा था। लेकिन बारिश के चलते इसकी कमजोर संरचना जवाब दे गई।

छह मजदूरों का किया गया रेस्क्यू : अड़की प्रखंड के सोनपुर गांव की करकरी नदी में पुल निर्माण के दौरान मंगलवार रात से पुल पर फंसे छह मजदूरों को गुरुवार को एनडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू किया। मूसलधार बारिश होने के कारण नदी का पानी बढ़ने लगा, जिससे छह मजदूर पुल के बीचों बीच फंस गए थे। रात में अचानक पानी बढ़ने से मजदूर बचने के लिए सीढ़ी लगाकर निमार्णाधीन पुल पर चढ़ गए और रात भर वहीं फंसे रहे।

गुवा पहुंचीं पूर्व सांसद गीता कोड़ा विस्थापन पीड़ित परिवारों से मिलीं

यह केवल मकान का मामला नहीं, इंसानियत और सम्मान से जीने के अधिकार की लड़ाई : कोड़ा

क्षेत्र का दौरा करतीं पूर्व सांसद गीता कोड़ा ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS CHAIBASA : भारी बारिश के बीच जब चारों ओर निराशा का माहौल था, उसी समय पूर्व सांसद गीता कोड़ा गुवा पहुंचकर वहां के विस्थापन पीड़ित परिवारों का संबल बनीं। नानक नगर, ढीपासाई, पुट साइडिंग, स्टेशन कॉलोनी, डीबीसी, जाटा हाटिंग जैसे इलाकों के सैकड़ों परिवारों को सेल (सेल - स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड) द्वारा हटाने के आदेश के विरोध में उन्होंने ना सिर्फ इन क्षेत्रों का दौरा किया, बल्कि पीड़ितों की व्यथा को समझा और उनके पक्ष में आवाज उठाई।

गीता कोड़ा ने विस्थापित क्षेत्र एवं सेल द्वारा बनाए गए पुनर्वास मकानों की स्थिति का निरीक्षण किया और स्पष्ट कहा कि गुवा वासी अकेले नहीं हैं। हर एक पीड़ित परिवार को घर दिलाने तक लड़ाई जारी रहेगी।

गीता कोड़ा ने सेल कार्यालय पहुंचकर महाप्रबंधक (एचआर) प्रवीण कुमार सिंह और महाप्रबंधक (इस्टेट) अनंव डे से मुलाकात की और ग्रामीणों की तीन प्रमुख मांगें मजबूती से रखीं

1. विस्थापित परिवारों का पुनः सर्वेक्षण कराया जाए।
2. जिन परिवारों को योजना से बाहर रखा गया, उन्हें शामिल किया जाए।
3. बरसात में किसी भी परिवार को बेघर ना किया जाए, जब तक उन्हें रहने योग्य मकान मुहैया न करा दिया जाए।

उनके साथ इस दौरे में जिला परिषद सदस्य देवकी कुमारी, मुखिया पदमिनी लागुरी, चांदनी लागुरी, पदमा केशरी, तथा समाजसेवी गोविंद पाठक, पियूष साव, उदय सिंह, महेश पाठक, उत्तम गुच्छैत, विनय प्रसाद, रोहित सिंह, चुन्नु सिंह, संजीत तांती, मलुवा गुप्ता, धनंजय पांडे, राजु ठाकुर, रोहन गुप्ता सहित बड़ी संख्या में गुवा के नागरिक मौजूद थे।

नहाते समय नदी में डूब रहे युवक को लोगों ने बचाया

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिला मुख्यालय चाईबासा में गुरुवार दोपहर को एक युवक को नदी में डूबते हुए बचाया गया। यह घटना चाईबासा के रो रो नदी में हुई, जहां युवक नहाने के दौरान नदी के तेज बहाव में बहने लगा था। ग्रामीणों की सूझबूझ से युवक की जान बचाई जा सकी। युवक चाईबासा के कुम्हार टोली का रहने वाला बताया जा रहा है। युवक दोपहर में रो रो नदी में नहा रहा था। नहाते समय अचानक नदी के तेज बहाव में बहने लगा।

ग्रामीणों ने दिखाई तत्परता

नदी में बाढ़ का मंजर देखने के लिए पुल के पास पहले से मौजूद ग्रामीणों की नजर बहते हुए युवक पर पड़ी। तुरंत स्थिति की गंभीरता को समझते हुए दो युवक पानी में उतर गए और बहते हुए युवक की जान बचाई। ग्रामीणों की इस तत्परता के कारण युवक को किसी तरह पाताहातू पुल के पास किनारे लाया गया और उसकी जान बचाई गई। घटना के समय नदी में पानी का बहाव अत्यधिक तेज था। पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण चाईबासा जिले के सभी नदी, नाला और पहाड़ी क्षेत्र में बारिश का पानी भर गया। जिले में नदियां, तालाब और बांध पूरी तरह से उफान पर हैं। नदियों का वेग इतना तीव्र हो गया है कि बड़े-बड़े पेड़ और अन्य वस्तुएं भी बह रही हैं।

चांडिल में आयोजित हुआ आयकर विभाग का जागरूकता सेमिनार

ई-वेरिफिकेशन स्कीम-2021 पर हुई चर्चा

सेमिनार में जानकारी देते आयकर अधिकारी राजीव कुमार ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS JSR : आयकर विभाग (सूचना एवं आपराधिक अन्वेषण), जमशेदपुर द्वारा ई-वेरिफिकेशन स्कीम-2021 के तहत गुरुवार को चांडिल में एक जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। यह सेमिनार उप-पंजीयक कार्यालय, चांडिल, जमशेदपुर, झारखंड परिसर में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य करदाताओं और संबंधित सूचना प्रदाताओं (को वित्तीय लेनदेन (एसएफटी) और पैन सत्यापन के अनुपालन को लेकर जानकारी देना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता आयकर अधिकारी राजीव कुमार (सूचना एवं आपराधिक अन्वेषण, जमशेदपुर) ने की। उन्होंने प्रतिभागियों को ई-वेरिफिकेशन स्कीम-2021 की बारीकियों से अवगत कराते हुए यह समझाया कि एसएफटी रिपोर्टिंग में समयबद्धता क्यों जरूरी है।

श्री कुमार ने स्पष्ट किया कि वित्तीय लेनदेन की सही और समय पर रिपोर्टिंग से आयकर विभाग नए करदाताओं की पहचान कर उचित कार्रवाई कर सकता है। उन्होंने कहा कि कई बार तकनीकी जानकारी के अभाव में एसएफटी रिपोर्टिंग या तो देर से होती है या छूट जाती है, जिससे विभाग को राजस्व की हानि होती है और वार्षिक सूचना विवरण (एआईएस) में करदाताओं की समुचित जानकारी उपलब्ध नहीं हो पाती। राजीव कुमार ने फार्म-61 और 61ए की समय पर फाइलिंग तथा ITDREIN पोर्टल पर TAN आधारित पंजीकरण की अनिवार्यता पर भी बल दिया। उन्होंने बताया कि सूचना प्रदाताओं को SFT अपलोड करने से पहले TAN से जुड़ी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी करनी चाहिए, ताकि डाटा निर्बाध रूप से विभाग तक पहुंचे। सेमिनार में उप-पंजीयक कार्यालय, चांडिल के अवर निबंधक धर्मेन्द्र कुमार समेत उनके अन्य सहयोगी उपस्थित थे। वहीं आयकर विभाग के निरीक्षक रूपक प्रसाद और कार्यालय अधीक्षक नितेश कुमार श्रीवास्तव भी सेमिनार में शामिल हुए। कार्यक्रम के समापन पर सभी अधिकारियों ने समय पर और सटीक SFT रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता जताई और विभागीय सहयोग को लेकर सकारात्मक रुख अपनाया।

कांग्रेसियों ने मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

CHAIBASA : लोकसभा में विपक्ष के नेता व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी का जन्मदिन गुरुवार को चाईबासा के कांग्रेस भवन में मनाया गया। कांग्रेसियों ने उनके दीर्घायु होने और स्वस्थ जीवन की कामना की। जगन्नाथपुर के विधायक सह उप मुख्य सचेतक सत्तारुढ़ दल सोनाराम सिंकु ने कहा कि राहुल गांधी कुशल राजनीतिज्ञ हैं। उन्होंने लोकसभा में यूपी के रायबरेली, अमेठी और केरल के वायनाड के निर्वाचन क्षेत्रों का कुशलतापूर्वक प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत जोड़ो पैदल यात्रा कर देश में मोहब्बत का संदेश दिया और लोकतंत्र को मजबूत करने का कार्य किया है। सोनाराम सिंकु ने कहा कि राहुल गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेस संगठन ने संकल्प लिया है कि सामाजिक न्याय की लड़ाई को आगे भी पूरी मजबूती से लड़ा जाएगा। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर दास, महासचिव अविनाश कोड़ाह, प्रवक्ता त्रिशानु राय, अल्पसंख्यक विभाग जिला उपाध्यक्ष जहांगीर आलम आदि मौजूद थे।

लाभुकों की शिकायतों का त्वरित समाधान नहीं, तो नपेंगे अधिकारी

अधिकारियों के साथ बैठक करतीं खाद्य आयोग की प्रभारी अध्यक्ष शबनम परवीन

PHOTON NEWS JSR : राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन और उससे संबंधित योजनाओं की समीक्षा को लेकर झारखंड राज्य खाद्य आयोग की प्रभारी अध्यक्ष सह सदस्य शबनम परवीन की अध्यक्षता में जमशेदपुर के परिसदन भवन में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में खाद्य आपूर्ति, सामाजिक सुरक्षा, नगर विकास, समाज कल्याण और कल्याण विभाग सहित अन्य योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही आयोग को प्राप्त जनशिकायतों पर भी संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्रभारी अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक गुणवत्ता युक्त लाभ को समय पर पहुंचाना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि शिकायतें सामने आती हैं, तो संबंधित विभागों की यह जिम्मेदारी बनती है कि वे गंभीरता से उसे लें और त्वरित समाधान करें, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो।

कुपोषण उपचार और आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण : समीक्षा बैठक के बाद शबनम परवीन ने टेल्को कॉलोनी स्थित मदर टेरेसा सेंटर (एमटीसी) और न्यू कपाली क्षेत्र के दो आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों को मिलने वाले पोषण आहार की गुणवत्ता, केंद्रों की साफ-सफाई, कार्यकताओं की उपस्थिति और रिकॉर्ड रखने की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने कुछ खामियों को चिन्हित करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सरकार की सभी योजनाओं का मकसद समाज के सबसे वंचित वर्ग तक लाभ पहुंचाना है, और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे पूरी संवेदनशीलता और सजगता के साथ कार्य करें।

रिम्स की सेंट्रल लैब हो रही तैयार, मरीजों को नहीं लगानी होगी विभागों की दौड़

VIVEK SHARMA @ RANCHI : राज्य के सबसे बड़े सरकारी हॉस्पिटल रिम्स मेंसेंट्रल लैबोरेट्री अब मरीजों को एक ही छत के नीचे सभी प्रकार की जांच सेवाएं उपलब्ध कराएगी। इस अत्याधुनिक लैब का निर्माण लगभग 75 लाख रुपये की लागत से किया गया है। जल्द ही ये लैब रिम्स को हैंडओवर कर दिया जाएगा। इससे रिम्स में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को ब्लड सैंपल देने के लिए अलग अलग विभागों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। बता दें कि रिम्स में हर दिन ओपीडी और इनडोर में इलाज के लिए 2500 मरीज पहुंचते हैं।

- हर दिन ओपीडी और इनडोर में इलाज को आते हैं 2500 मरीज
- 75 लाख की लागत से कराया गया है सेंट्रल लैब का निर्माण
- बहुत जल्द जरूरी मशीनों के इंस्टॉलेशन का पूरा हो जाएगा काम
- रोगियों के लिए 24 घंटे टेस्ट और रिपोर्ट की उपलब्ध रहेगी सुविधा

एक ही जगह सैंपल कलेक्शन का इंतजाम

सेंट्रल लैब में पैथोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी और हिस्टोपैथोलॉजी से संबंधित सभी प्रकार की टेस्ट होंगी। इसमें ब्लड, यूरीन, स्टूल और अन्य टेस्ट के साथ-साथ रासायनिक स्तर, बैक्टीरिया-वायरल संक्रमण की पहचान के अलावा कई महत्वपूर्ण सेवाएं भी एक ही स्थान पर मिलेंगी। भवन निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। अब लैब में जरूरी मशीनों का इंस्टॉलेशन किया जाना है। रिम्स को ऑटो एनालाइजर, यूरीन ऑटो एनालाइजर, कोएगुलेशन एनालाइजर और हीमेटोलॉजी एनालाइजर जैसी आधुनिक जांच मशीनों का इंतजार है। मशीनों के इंस्टॉल होने के बाद ही लैब पूर्ण रूप से फंक्शनल हो जाएगा।

ग्राउंड फ्लोर पर बने काउंटरों से मिलेगी रिपोर्ट

सेंट्रल लैब चालू होने के बाद 24 घंटे ब्लड टेस्टिंग की सुविधा उपलब्ध रहेगी। मरीज कभी भी जांच करवा सकेंगे और ग्राउंड फ्लोर पर बने काउंटरों से रिपोर्ट प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही, रिपोर्ट्स को डिजिटल रूप में मोबाइल पर भी उपलब्ध कराने की योजना है, जिससे मरीजों को बार-बार अस्पताल आने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इससे भी मरीजों को बड़ी राहत मिल जाएगी। सबसे बड़ी राहत की बात ये होगी कि मरीजों को रिपोर्ट के लिए अगले दिन का इंतजार नहीं करना होगा। ऐसे में उनका इलाज भी तत्काल शुरू हो जाएगा।

तेज होगी इलाज की प्रक्रिया

रिम्स के जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. राजीव रंजन ने बताया कि नई सेंट्रल लैब मरीजों के लिए राहत लेकर आएगा। अब उन्हें रिपोर्ट के लिए अलग-अलग विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। ट्रेंड टेक्नीशियन और आधुनिक मशीनों की सहायता से सटीक और समय पर जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे इलाज की प्रक्रिया भी तेज होगी।

जांचों के लिए रिम्स परिसर के अलग-अलग विभागों और फ्लोर पर जाना पड़ता है। इससे उन्हें काफी परेशानी होती है। वहीं सैंपल और फिर रिपोर्ट लेने में पूरा दिन निकल जाता है। लेकिन, अब इस सेंट्रल लैब से जांच प्रक्रिया न केवल आसान होगी, बल्कि समय की भी बचत होगी। मरीजों के अनुभव को बेहतर बनाने के उद्देश्य से यह सेंट्रल लैब आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित की जा रही है। चूंकि ये सेंटर ग्राउंड फ्लोर पर बनाया गया है।

BRIEF NEWS

विनय व आलमगीर की बेल पर सुनवाई आज

RANCHI : झारखंड हाईकोर्ट में शुक्रवार को दो महत्वपूर्ण केस से जुड़े आरोपियों की बेल पर सुनवाई होनी है। हाईकोर्ट में शराब घोटाला के आरोप में जेल में बंद राज्य के वरीय आईएएस अधिकारी विनय चौबे की याचिका पर सुनवाई होगी। इसके साथ ही हाईकोर्ट टेंडर घोटाला के जरिए करोड़ों रुपए की मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपी पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की जमानत याचिका पर भी शुक्रवार को सुनवाई करेगा। दोनों आरोपियों की याचिकाओं पर जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट में सुनवाई होगी।

विधानसभा अध्यक्ष ने किया पुस्तक का विमोचन

RANCHI : गुरुवार को झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने अपने कार्यालय कक्ष में संथाल परगना के प्रख्यात कवि एवं लेखक धनेश्वर सिंह राय की ओर से रचित काव्य संग्रह उद्गार का औपचारिक विमोचन किया। इस अवसर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि लेखक धनेश्वर की लेखनी में झारखंड के प्रति गहरी संवेदनाएं झलकती हैं। यह प्रसन्नता की बात है कि कृषि कार्य में व्यस्त रहने के बावजूद उन्होंने कई पुस्तकों की रचना की है। उनकी साहित्यिक यात्रा प्रेरणादायक है। उन्होंने धनेश्वर सिंह राय की रचनात्मकता और साहित्यिक योगदान की जमकर सराहना की। पुस्तक के लेखक धनेश्वर सिंह राय, जो मूलतः संथाल परगना क्षेत्र से आते हैं। काल कवि के रूप में चर्चित रहे हैं। वे साहित्य और कविता के माध्यम से समाज के समसामयिक सरोकारों को उजागर करते रहे हैं। लेखक ने बताया कि उद्गार एक बहुआयामी काव्य संग्रह है।

माध्यमिक आचार्य नियुक्ति के लिए आवेदन 27 से

RANCHI : झारखंड के 510 प्लस टू स्कूलों में 1373 माध्यमिक आचार्यों की नियुक्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की प्रक्रिया अब 27 जून से शुरू होगी। इस संबंध में झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के परीक्षा नियंत्रक ने गुरुवार को आवश्यक सूचना जारी कर संशोधित कार्यक्रम की जानकारी दी है। ऑनलाइन आवेदन फॉर्म आगामी 27 जून से 27 जुलाई की मध्य रात्रि तक जमा होंगे। जबकि परीक्षा शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि 29 जुलाई की मध्य रात्रि निर्धारित की गई है। फोटो और हस्ताक्षर अपलोड कर आवेदन का प्रिंटआउट लेने के लिए 31 जुलाई की मध्य रात्रि तक लिंक उपलब्ध रहेगा। समर्पित ऑनलाइन आवेदन पत्र में संशोधन के लिए दो अगस्त से चार अगस्त की मध्य रात्रि तक लिंक उपलब्ध रहेगा। उल्लेखनीय है कि राज्य के प्लस में 1373 माध्यमिक आचार्यों की नियुक्ति की जाएगी।

लगातार वर्षा से हरमू और स्वर्णरेखा नदी खतरे के निशान से ऊपर, आस-पास फंसे लोगों का रेस्क्यू

राजधानी में बारिश ने लिया विकराल रूप

क्षितिज मूक बधिर स्कूल में घुसा पानी, बच्चों की बढ़ी परेशानी

PHOTON NEWS RANCHI : राजधानी रांची में तीन दिनों से हो रही बारिश विकराल रूप ले चुकी है। गुरुवार को अलर्ट के बीच सुबह से बारिश तेज हो रही है। ऐसे में स्वर्णरेखा और हरमू नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। स्वर्णरेखा में पानी बढ़ने से नामकुम में पानी पुलिया के ऊपर से बह रहा है। इस वजह से कई लोग फंस गए थे। उन्हें रेस्क्यू करते हुए सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया है। वहीं नदी किनारे रहने वाले लोगों से अपील की गई है कि वे लोग सुरक्षित स्थानों पर फिलहाल शरण ले ले। इस बीच कुछ बसें भी जलमग्न दिखाई दे रही है। हरमू नदी पूरे उफान पर है। आसपास रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की अपील की गई है। हालांकि हरमू नदी के किनारे कई इलाके जलमग्न हो गए हैं, जिससे कि लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि लोगों के घरों में बाढ़ जैसे हालात देखने को मिल रहा है। लोगों के घरों में सामान जलमग्न है। पानी भर जाने के वजह से काफी सामान बर्बाद हो चुका है।

नामकुम में पुलिया के ऊपर से बह रहा पानी, सुरक्षित स्थानों पर लोगों से शरण लेने की अपील

नामकुम में फंसे लोगों को किया रेस्क्यू।

जल निकासी का इंतजाम नहीं

मानसून की पहली बारिश में रांची नगर निगम की व्यवस्था की पोल खुल गई। जल निकासी के इंतजाम पूरी तरह से फेल नजर आ रहे हैं। नालियां ओवर फ्लो बह रही है। जिससे पूरा कचरा लोगों के घरों में पहुंच गया है। निचले इलाकों में लोग परेशान हैं। गंदगी के कारण उन्हें बीमारी फैलने का खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय लोगों ने नगर निगम और प्रशासन से राहत देने की गुहार लगाई है। बता दें कि मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में अत्यधिक बारिश की चेतावनी जारी की है, जिससे हालात और बिगड़ने की आशंका जताई जा रही है।

हरमू और पिस्का मोड़ की स्थिति विकट

रांची में कई इलाकों में जलजमाव की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिससे लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सबसे अधिक प्रभावित इलाकों में बांधगाड़ी, हरमू और पिस्का मोड़ शामिल हैं। बांधगाड़ी क्षेत्र में स्थिति बेहद चिंताजनक है। यहां के कई अपार्टमेंट और घरों के ग्राउंड फ्लोर पूरी तरह से जलमग्न हो गए हैं। बारिश का पानी घरों के अंदर घुस गया, जिससे कुछ लोग घर छोड़ने को मजबूर हो गए हैं। कुछ परिवार अपना सामान छोड़कर सुरक्षित स्थान की तलाश में निकल रहे हैं।

बच्चों को शिफ्ट किया गया ऊपर

निवारणपुर स्थित क्षितिज मूक बधिर स्कूल में हरमू का पानी घुस गया है। वहीं नालों का पानी स्कूल के ग्राउंड फ्लोर पर भर गया। ऐसे में तत्काल बच्चों को ऊपर शिफ्ट कर दिया गया है। पानी भर जाने से बच्चों को परेशानी हो रही है। चूंकि टॉयलेट बाथरूम भी जलमग्न हो चुका है। खाने का राशन और कंप्यूटर भी खराब हो गए हैं। अब चिंता इस बात की सता रही है कि अभी पूरी बरसात बाकी है। वहीं एक शिक्षक ने बताया कि नदी पर छोटा पुल तो बनाया गया है। लेकिन उसमें लगे कलवर्ट जाम हो गया है। इस वजह से नदी का पानी रोड से होकर स्कूल तक पहुंच गया।

ढह गई बाउंड्री की दीवार

पिस्का मोड़ क्षेत्र में भारी बारिश के चलते एक बाउंड्री वॉल ढह गई। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन लोगों में डर का माहौल व्याप्त है। वहीं हरमू क्षेत्र के निचले इलाकों में पानी भरने से सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया है और लोग घरों में ही दुबक कर बैठे हैं। कुछ इलाकों में तो नालियां ओवर फ्लो हो रही है।

के. राजू बोले- राहुल गांधी का पूरा ध्यान ग्राम और निकाय स्तर के संगठन पर

PHOTON NEWS RANCHI : प्रदेश कांग्रेस ने नियुक्त जिला पर्यवेक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में गुरुवार को हुआ। मौके पर मुख्य अतिथि प्रदेश प्रभारी के. राजू ने संगठन और आगामी निकाय चुनाव के संबंध में प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम के दौरान के राजू ने कहा कि राहुल गांधी का पूरा ध्यान ग्राम और निकाय स्तर के संगठन पर रहता है। कांग्रेस को नीचे के स्तर पर मजबूत करना होगा। प्रखंड और जिला स्तर पर संगठन मजबूत होता है, लेकिन कांग्रेस की कमजोरी है कि जमीनी स्तर पर हम कमजोर हैं। इसके कारण हम अपनी बातों को पूरी तरह जनता के पास नहीं पहुंच पाते। पंचायत स्तर पर संगठन मजबूत नहीं होने के कारण लोकसभा विधानसभा चुनाव में प्रत्येक बूथ पर 10 से 50 के बीच कांग्रेस समर्थक मतदाता मतदान केंद्र तक नहीं पहुंच पाए। इसके कारण हम कई सीटों पर बहुत कम मतों के अंतर से चुनाव हारे। उन्होंने उपस्थित पर्यवेक्षकों से कहा कि प्रथम चरण में छूटे हुए प्रखंड अध्यक्षों को झारखंड एप में रजिस्टर्ड करना है और मंडल अध्यक्षों को भी रजिस्टर्ड कर प्रखंड अध्यक्ष, पर्यवेक्षक और मंडल अध्यक्षों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित करना है। 214 प्रखंड अध्यक्ष एप में रजिस्टर हो चुके हैं।

सिकल सेल उन्मूलन में झारखंड बना देश का मॉडल राज्य : इरफान

RANCHI : प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि झारखंड अब पीछे नहीं, सिकल सेल उन्मूलन में देश का मॉडल राज्य बन गया है। उन्होंने कहा, हमने 25 लाख 94 हजार लोगों की जांच की है। इनमें से मात्र 2099 लोग सिकल सेल एनीमिया से ग्रसित पाए गए हैं, यानी एक प्रतिशत से भी कम। ये हमारे संगठित प्रयास और जमीनी काम का नतीजा है। डॉ. अंसारी गुरुवार को विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर रांची सदर अस्पताल में आयोजित राज्य स्तरीय उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि डॉक्टर, नर्स, एएनएम, सहिया दीदियां आप सब हमारे सच्चे हीरो हो। आप मेहनत करो, सेलरी बढ़ाने का काम हम करेंगे। सभी सहिया बहनों को जल्द ही टैबलेट भी दिया जाएगा ताकि तकनीक के साथ आप और तेजी से काम कर सको।

पिठोरिया में ज्वेलरी शॉप में चोरी, दीवार तोड़कर लाखों के गहने उड़ा ले गए चोर

PHOTON NEWS RANCHI : रांची में हो रही भारी बरसात का फायदा चोर भी उठाने लगे हैं। ताजा मामला रांची के पिठोरिया थाना क्षेत्र का है। यहां एक जेवर दुकान को चोरों ने अपना निशाना बनाया है और लाखों के गहने ले उड़े। मामला बुधवार की देर रात का है। पिठोरिया के रणधीर कॉम्प्लेक्स में स्थित सचित ज्वेलर्स में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। चोरों ने ज्वेलरी दुकान में चोरी की घटना को अंजाम देने के लिए उससे सटे जूता दुकान की दीवार को तोड़ दिया। चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए चोरों ने जेवर दुकान के शटर को नहीं काटा, क्योंकि

उसे काटने में समय लगता। इसलिए उन्होंने आभूषण की दुकान के बगल में स्थित जूते दुकान से सेंधमारी कर ज्वेलरी दुकान में प्रवेश किया और लाखों रुपए का सोने उड़ा ले गए। मामले की जानकारी मिलने के बाद पिठोरिया पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान में जुट गई है। पिठोरिया थाना प्रभारी अभय कुमार ने बताया कि जूता दुकान की दीवार तोड़ कर चोरी को अंजाम दिया गया है। हालांकि चोर आभूषण की दुकान का लॉकर नहीं तोड़ पाए। चोर शो बॉक्स में रखे गहने और रिपेयरिंग के लिए आये गहने अपने साथ ले गए हैं।

सुविधा ट्रैफिक सिस्टम होगा मजबूत, सड़क जाम की समस्या होगी दूर

वर्षों की प्रतीक्षा खत्म, बनकर तैयार हो गया रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड की राजधानी रांची के रातू रोड इलाके में एलिवेटेड कॉरिडोर के उद्घाटन की प्रतीक्षा अब खत्म हो चुकी है। लोगों को जल्द ही कार-मोटरसाइकिल सहित अनेक वाहन चालकों व सवारियों को रातू रोड में बने एलिवेटड कॉरिडोर में आवागमन करने का अवसर मिलेगा। रातू रोड के पिस्का मोड़ के आगे व इटकी रोड में फ्लाईओवर कुछ दूर तक बनाया गया है। इटकी रोड में एक तरफ से वाहन उतरेंगे। इस इलाके के लोगों को पुल पर चढने के लिए वापस रातू रोड हेहल की ओर आना पड़ेगा। तीन जुलाई को इसे जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। सड़क, राजमार्ग परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से इस एलिवेटेड कॉरिडोर का उद्घाटन कराने के लिए तैयारी जोरों पर है। तैयारी लगभग मुकम्मल हो चुकी है।

पिस्का मोड़ के आगे व इटकी रोड पर कुछ दूर तक बनाया गया है फ्लाईओवर

एनएच-75 से जुड़े रातू रोड पर 3.57 किमी लंबा फ्लाईओवर बन जाने से आसान होगा आवागमन

- तीन जुलाई को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी करेंगे उद्घाटन, तैयारी मुकम्मल
- कचहरी की ओर जाकिर हुसैन पार्क के पास पूरा हो चुका है रैंप का निर्माण कार्य
- राजभवन के समीप हर स्तर पर किए गए हैं सुरक्षा के बेहतर उपाय
- नवंबर 2022 में शुरू किया गया था निर्माण कार्य, निर्धारित समय से लगे पांच माह अधिक

कॉरिडोर का रैंप 600 मीटर लंबा

फ्लाईओवर के दोनों ओर पिस्का मोड़ व कचहरी की ओर जाकिर हुसैन पार्क के पास रैंप बनकर तैयार है। कचहरी पास के मंदिर-प्याउ को पहले ही हटा दिया गया है। अब इस फ्लाईओवर में वाहनों के परिचालन में कोई अवरोध नहीं है। इसके बन जाने के बाद सालों पहले जिस तरह रातू रोड पांच-सात मिनट में पार हो जाता था, अब फिर से हो सकेगा। फ्लाईओवर के नीचे संदरीकरण का काम चल रहा है, रंग-रोगन के अलावा घास लगाए जा रही है। लाइटिंग भी आकर्षक हैं। राजभवन के समीप सुरक्षा के भी बेहतर उपाय किए गए हैं। रातू रोड में कचहरी से पिस्का मोड़ तक (करीब 2.5 किमी) का यात्रा पूरा करने में आधा घंटा से 45 मिनट तक लगता था। लेकिन अब एनएच-75 से जुड़े रातू रोड पर 3.57 किमी लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर के बन जाने से यह सफर आसान हो गया है। इस कॉरिडोर को बनाने में दो साल से कुछ अधिक समय लगा है। कॉरिडोर का रैंप 600 मीटर लंबा है। इसका निर्माण कार्य नवंबर 2022 में शुरू हुआ था और जनवरी 2025 (22 महीने) में इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन, जमीन अधिग्रहण और कुछ अन्य तकनीकी कारणों से एलिवेटेड कॉरिडोर को पूरा होने में निर्धारित समय से लगभग पांच माह का ज्यादा समय लगा।

लघु उद्योग भारती की नई कार्यकारिणी गठित विजय मेवाड़ बने अध्यक्ष

RANCHI : गुरुवार को लघु उद्योग भारती, झारखंड प्रदेश की वर्ष 2025-27 की नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। यह घोषणा, रांची में संगठन की हुई आमसभा की बैठक के बाद की गई। जिसके तहत विजय मेवाड़ को प्रदेश अध्यक्ष, जबकि सत्यप्रकाश पांडेय को प्रांतीय उपाध्यक्ष, ज्ञान चन्द्र जयसवाल (कोल्हान प्रभारी), प्रवीण झा, शैलेंद्र कुमार पांडे, कृष्ण नंदन सिंह, किशोर गोलछा, महा सचिव विनोद अग्रवाल, संयुक्त महासचिव प्रकाश हेमत्सरीया, अखिलेश्वर नारायण राय, सचिव अजय कुमार दाधीच, लाल बाबू सिंह पटेल, आनंद ढाबू (सोशल मीडिया प्रभारी), प्रदिप्तो मुखर्जी (दुमका) और कोषाध्यक्ष सरोज कांत झा को बनाया गया है। वहीं, कार्यकारिणी सदस्यों में राहुल खुराना, अरविंद नाथ सिंह (रांची), राकेश राज (रांची), आशा सिन्हा (रांची), मीना सिंह (रांची), ऊषा झा (जमशेदपुर), विनय गोयनका (बरही), पवन कनोई (रांची), प्रेम रंजन (बोकारो), आयुष गोयल (बोकारो), सावरमल शर्मा (जमशेदपुर), राजेश लोधा (चाकुलिया), विजय पोद्दार (रामगढ़), मनोज सिंघानिया (दुमका), जनमजय प्रताप सिंह को शामिल किया गया है।

झारखंड में राष्ट्रीय गौसेवा कार्यशाला शुरू, कृषि मंत्री शिल्पी ने किया उद्घाटन

PHOTON NEWS RANCHI : गुरुवार को झारखंड गौसेवा आयोग की ओर से पशुपालन भवन हटिया के सभागार में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला की शुरूआत हुई। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम का उद्घाटन किया। पारिस्थितिक संतुलन एवं आधुनिकता के परिप्रेक्ष्य में उभरती चुनौतियां और संभावनाएं, विषय पर आधारित इस कार्यशाला में गोवा, हिमाचल, राजस्थान, कर्नाटक, गुजरात, बिहार और पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों के प्रतिनिधि शामिल हुए। मौके पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि पशु से प्रेम व्यक्ति की सोच और व्यवहार को दशार्ता है। झारखंड देश का पहला राज्य है, जो गौशालाओं को पशु आहार के लिए प्रतिदिन 100 रुपये की दर से भुगतान करता है। राज्य सरकार गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है। मौके पर गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन ने कहा कि इस राष्ट्रीय कार्यशाला में देश के कोनेझकोने से गौ सेवा के क्षेत्र में अतुलनीय कार्य करने वालों का जुटान हुआ है।

- तीन दिनों से लगातार बारिश से नदियां व जलाशय हुए लबालब
- खरकई व स्वर्णरेखा नदी का जलस्तर खतरे के निशान के ऊपर
- निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा जिला प्रशासन हाई अलर्ट पर
- बागबेड़ा में नया बस्ती के निचले इलाके में कई घरों में घुसा पानी

जमशेदपुर में खतरे के निशान से ऊपर बहती स्वर्णरेखा नदी

लगातार बारिश से कोल्हान हुआ पानी-पानी

PHOTON NEWS TEAM : लगातार बारिश की वजह से पूरा कोल्हान पानी-पानी हो चुका है। गलियों से लेकर सड़कों तक को बारिश ने सराबोर कर दिया है। कोल्हान की दो प्रमुख नदियों का जलस्तर खतरे के निशान के ऊपर चला गया है। इसे लेकर जिला प्रशासन भी हाई अलर्ट पर है। निचले इलाकों में लोगों को सचेत कर दिया गया है। जमशेदपुर के बागबेड़ा स्थित नया बस्ती के निचले इलाके में करीब 40-50 घरों में बरसात का बानी घुसने की सूचना है। दूसरी ओर मौसम के मिजाज को देखते हुए स्कूलों में भी छुट्टी की घोषणा कर दी गई है। मानगो स्थित पारडीह में तो काली मंदिर के समीप एनएच-33 तालाब की शक्ल में तब्दील हो चुका है, जहां नाव चल रही है। पढ़ें-यह रिपोर्ट।

तालाब की शक्ल में तब्दील एनएच-33 पर चल रही नाव व डूबी कार

PHOTON NEWS JSR : पूर्वी सिंहभूम जिले में पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश का असर अब नदियों के जलस्तर पर साफ दिखने लगा है। गुरुवार को स्वर्णरेखा और खरकई नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। यही नहीं, इनका जल स्तर लगातार ऊपर उठ रहा है। इससे मानगो, शास्त्री नगर, बागबेड़ा आदि इलाकों में 150 से अधिक मकान डूब गए हैं। स्वर्ण रेखा नदी खतरे के निशान से 1.20 मीटर ऊपर और खरकई नदी खतरे के निशान से लगभग 3.0 मीटर ऊपर बहने लगी है। इन दोनों नदियों के आसपास का इलाका जलमग्न हो गया है। बागबेड़ा, मानगो और शास्त्री नगर में निचले और तटीय इलाकों में बाढ़ जैसे हालात हैं।

प्रशासन ने नदियों के किनारे बसे लोगों और डूब क्षेत्र में रहने वालों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और आवश्यकता पड़ने पर ऊंचे एवं सुरक्षित स्थानों पर शरण लें।

कई इलाके जलमग्न, हाथ पर हाथ धरे बैठा नगर निगम

जमशेदपुर, बागबेड़ा और मानगो आदि कई इलाकों में पानी भर गया है। मानगों में दर्जनों मकान जलमग्न हो गए हैं। कई घरों में गंदा पानी घुस गया है। कई अपार्टमेंट में जल भराव से लोग परेशान हैं। लोग अपने अपार्टमेंट में नजर बंद होकर रह गए हैं। नगर निगम हाथ पर हाथ धरे बैठा है। इलाके के लोगों ने पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से शिकायत की। इसके बाद पूर्व मंत्री ने नगर निगम के अधिकारियों को समस्या हल करने का निर्देश दिया। नगर निगम के उपनगर आयुक्त कृष्ण कुमार ने नाला सफाई करने वाले ठेकेदार को मौके पर भेजा। लेकिन मानगो नगर निगम के कर्मचारी ने मौके पर पहुंचकर लाचारी जताई। कहा कि उनके पास कोई लेबर नहीं है।

नदियों का जलस्तर

दो बजे

स्वर्ण रेखा नदी (मानगो ब्रिज)

खतरे का निशान	- 121.50 मीटर
वर्तमान जल स्तर	- 122.70 मीटर

खरकई नदी (आदित्यपुर)

खतरे का निशान	- 129 मीटर
वर्तमान जल स्तर	- 131.950 मीटर

अपडेट एक बजे

स्वर्णरेखा एवं खरकई नदी के जलस्तर में लगातार दर्ज की जा रही वृद्धि

स्वर्ण रेखा (मानगो ब्रिज)

खतरे का निशान	- 123.5 मीटर
वार्निंग लेवल	- 122.5 मीटर
वर्तमान स्तर	- 122.50 मीटर
ट्रेंड	- राइजिंग
अपडेट	- 11 बजे

स्वर्णरेखा नदी (मानगो पुल साइट)

खतरे का स्तर	- 121.50 मीटर
वर्तमान जलस्तर	- 121.300 मीटर

खरकई नदी (आदित्यपुर पुल साइट)

खतरे का स्तर	- 129 मीटर
वर्तमान जलस्तर	**- 128.780 मीटर**

हालांकि दोनों नदियों का जलस्तर अभी खतरे के निशान से थोड़ा नीचे है, लेकिन लगातार बारिश से पानी का स्तर तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में स्थिति कभी भी गंभीर हो सकती है। जिला प्रशासन ने नदियों के किनारे किसी भी प्रकार की गतिविधियों से बचने की सख्त हिदायत दी है। प्रशासन ने विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को नदी किनारे न जाने की सलाह दी है और संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी गई है।

चक्रधरपुर में मिट्टी का घर ढहने से दर्दनाक हादसा, मां की मौत, तीन बच्चे हुए घायल

CHAKRADHARPUR : पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर प्रखंड के कुलीतोडांग पंचायत में गुरुवार की सुबह एक दर्दनाक हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना लगातार हो रही बारिश के कारण एक मिट्टी के कच्चे घर के ढह जाने से हुई। गांव निवासी रगिया दोंगे की पत्नी गुरुवारी दोंगे अपने दो बच्चों और एक रिश्तेदार बच्ची के साथ घर में थी, तभी अचानक मकान भरभरा कर गिर गया। मलबे में दबने से गुरुवारी दोंगे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीनों बच्चे घायल हो गए। घायलों में 3 साल का गुलशन दोंगे, 5 महीने का सुनिल दोंगे और 8 साल की इंदा पूर्ति शामिल है, जो चाईबासा के कुसमुंडा गांव से मेहमान के रूप में आई थीं। घटना के बाद मुखिया माझीराम जोंको और ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को चक्रधरपुर

अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी डॉ. अंशुमन शर्मा ने गुरुवारी दोंगे को मृत घोषित कर दिया। फिलहाल तीनों बच्चों की हालत स्थिर बताई जा रही है और वे खतरे से बाहर हैं।

प्रशासन मौके पर, राहत व सहायता का भरोसा : घटना की सूचना मिलते ही चक्रधरपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी कांचन मुखर्जी और आंचल कर्मचारी धनेंद्र प्रताप नायक अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना। बीडीओ कांचन मुखर्जी ने बताया कि लगातार बारिश से खतरे को देखते हुए कच्चे मकानों में रह रहे लोगों के लिए पंचायत भवनों में रहने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि मृतक महिला के परिजनों को आर्थिक सहायता दी जाएगी और बच्चों के इलाज में प्रशासन हर संभव मदद कर रहा है।

ग्रामीण इलाकों में अलर्ट, प्रशासन की अपील : प्रशासन ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे बारिश के दिनों में कच्चे और जर्जर घरों में न रहें और सुरक्षित स्थानों पर शरण लें। जरूरत पड़ने पर पंचायत भवनों का उपयोग किया जा सकता है। इस दुखद घटना ने ग्रामीण इलाकों में रहने वालों को सावधानी बरतने की चेतावनी दी है।

घाटशिला में बारिश ने बंद किए घरों के दरवाजे, निकलना हुआ मुश्किल

GHATSILA : प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार की शाम से लगातार हो रही बारिश से पूरा जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। गुरुवार को फुलडुंगरी चौक स्थित दर्जन भर दुकानों में 2 फीट से अधिक पानी जमा हो जाने से काफी नुकसान हुआ। शंकर बीज भंडार का सैकड़ों बोरा धान का बीज पानी में डूब गया है। दुकानदारों का आरोप है कि हाल ही में फुलडुंगरी चौक से गोपालपुर रेलवे ओवरब्रिज तक बनी सड़क की ऊंचाई बढ़ जाने के कारण दुकान के अंदर पानी घुस रहा है। इतना ही नहीं फुलडुंगरी चौक के पास बने कलवर्ट को फोरलेन बनाने के समय एनएचएआई ने बंद कर दिया था। इस वजह से बरसात का पानी निकलना बंद हो गया है।

वन विभाग कार्यालय डूबा : घाटशिला प्रखंड के पावड़ा पंचायत एवं काशिदा पंचायत से सटा गांव प्रेम नगर के चारों ओर सड़क से लेकर खेत तक पानी भर जाने से गांव के लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। लोग बारिश थमने का इंतजार कर रहे हैं, ताकि पानी कम होने पर घर से निकाल पाएंगे। वन विभाग के कार्यालय में पानी घुस गया है।

बिजली आपूर्ति ठप : तेज बारिश के कारण धरमबहाल फुलडूंगरी एवं पावड़ा गांव में बुधवार की शाम से ही विद्युत आपूर्ति ठप हो गई है। इस क्षेत्र के लिए कॉलेज रोड में लगा 200 केवी का ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

आज कक्षा 1 से 8 तक के सभी विद्यालयों में कक्षाएं स्थगित

JAMSHEDPUR : मौसम विभाग (IMD) से प्राप्त पूर्वानुमान के अनुसार आगामी 24 घंटों में जिले में लगातार भारी वर्षा की आशंका जताई गई है। साथ ही अप्रत्याशित वृष्टि के कारण जल जमाव एवं नदियों का जल स्तर खतरे के निशान से ऊपर है, जिससे जन-जीवन एवं विद्यार्थियों की सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। डीसी कर्ण सत्यार्थी द्वारा उक्त परिस्थिति को देखते हुए आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 34 के अंतर्गत जिले के कक्षा 1 से 8 तक संचालित सभी कोटि के सरकारी, निजी, अल्पसंख्यक एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों में शुक्रवार को आज अवकाश घोषित किया गया है। पश्चिमी सिंहभूम के डीसी चंदन कुमार ने भी अपने जिले कक्षा 1 से 8 तक संचालित सभी कोटि के सरकारी, निजी, अल्पसंख्यक एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों में शुक्रवार को आज अवकाश घोषित किया गया है। यह आदेश एहतियातन तथा विद्यार्थियों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से जनहित में जारी किया गया है, जिसका पालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

डीएवी बिष्टुपुर में छुट्टी गेट पर गिरा पेड़

JAMSHEDPUR : जमशेदपुर और आसपास के इलाकों में बुधवार रात से हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। भारी बारिश को देखते हुए बिष्टुपुर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल ने एहतियात बरतते हुए नर्सरी से लेकर कक्षा बारहवीं तक के सभी छात्रों के लिए छुट्टी घोषित कर दी है। स्कूल प्रशासन ने शिक्षकों को भी अवकाश दिया है, हालांकि कार्यालय खुला रहेगा। इस बीच, डीएवी पब्लिक स्कूल के गेट नंबर 4 के पास एक बड़ा पेड़ गिर गया है। पेड़ गिरने से उस मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया है। इसके साथ ही, पेड़ गिरने के कारण स्कूल की बाउंड्री वॉल को भी नुकसान पहुंचा है।

ऑप्टिमस अपार्टमेंट डूबा, बाहर नहीं निकल पा रहे लोग

JAMSHEDPUR : शहर में हो रही लगातार बारिश ने मानगो के लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। जवाहर नगर रोड नंबर 15 स्थित ऑप्टिमस टावर समेत कई अपार्टमेंट में जलजमाव की स्थिति बन गई है। आप्टिमस अपार्टमेंट के बेसमेंट में पानी भर गया है, जिससे वहां खड़े सारे वाहन डूब चुके हैं। लोगों में डर है कि अगर पानी बिजली के बोर्ड तक पहुंचा तो बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ऑप्टिमस टावर में रहने वाले इफ्तेखार अली ने बताया कि इस मामले की सूचना कई बार मानगो नगर निगम को दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। नगर निगम के एक सिटी मैनेजर निर्मल ने तो यह तक कह दिया कि ह्रकल रात से सैकड़ों लोग फोन कर रहे हैं, किस-किस की समस्या सुलझाएं? इसी इलाके में दुकान चलाने वाले वसीम अहमद का कहना है कि जब से यह नाला बना है, तब से इसकी नियमित सफाई नहीं हुई है। इस वर्ष तो पूरी तरह सफाई नहीं कराई गई। बीते साल रोड नंबर 10 और 11 के पास जेसीबी मशीनें लगाकर थोड़ी-थोड़ी दूरी पर सफाई की गई थी, लेकिन पूरा नाला साफ नहीं कराया गया। नतीजा ये हुआ कि नाले में गाद जम चुकी है, जिससे पानी का बहाव रुक गया है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि जब कोई प्रभावशाली व्यक्ति फोन करता है, तभी नगर निगम सक्रिय होता है और सफाई करवाई जाती है।

सरायकेला में मूसलाधार बारिश से नदियां उफनाईं, जनजीवन हुआ प्रभावित

SERAIKELA : पिछले तीन दिनों से झारखंड में हो रही लगातार मूसलाधार बारिश ने सरायकेला-खरसावां जिले में भी भारी तबाही मचाई है। बारिश के कारण शहरी इलाकों में जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हो गया है। जर्जर ड्रेनेज सिस्टम के कारण कई इलाकों में सड़कों पर पानी भर गया है, जिससे लोगों का घरों से निकलना भी मुश्किल हो गया है।

रेलवे पुल के नीचे जलजमाव से संपर्क टूटा : कोलेबिरा के पास रेलवे पुल के नीचे भारी जलजमाव के कारण लोगों का जिला मुख्यालय से संपर्क पूरी तरह से टूट गया है। इससे यात्रियों और स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

प्रशासन अलर्ट, तटीय इलाकों का दौरा : संभावित बाढ़ के खतरे को देखते हुए प्रभारी एसडीओ निवेदिता नियती ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आदित्यपुर और गम्हरिया के तटीय इलाकों का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ अंचल और नगर निगम प्रशासन की टीम भी मौजूद थी। प्रभारी एसडीओ ने नदी किनारे रहने वाले लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की है। उन्होंने नगर निगम को एहतियाती कदम उठाते हुए शेल्टर होम और सामुदायिक भवनों में व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, मछुआरों को भी नदी में नहीं जाने की सख्त सलाह दी गई है।

लगातार हो रही बारिश के कारण खरकई नदी में जलस्तर तेजी से बढ़ गया है और वह खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। जिले से होकर बहने वाली दो प्रमुख नदियां, स्वर्णरेखा और खरकई, दोनों ही खतरे के स्तर को पार कर चुकी हैं, जिससे सरायकेला-खरसावां जिले में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

नदी का जायजा लेते प्रशासनिक अधिकारी ● फोटोन न्यूज

जिले के मात्र तीन कॉलेजों में हो रहा इंटरमीडिएट में नामांकन, कहां जाएं विद्यार्थी

डिग्री कॉलेजों में इंटर बंद करने से आंदोलन के मूड में छात्र

PHOTON NEWS CHAIBASA : राज्य में इंटरमीडिएट की पढ़ाई का मामला गरमा रहा है। इस मुद्द पर छात्र संगठन आंदोलन की तैयारी में हैं। पश्चिमी सिंहभूम जिले की बात करें तो इस जिले में मात्र तीन प्लस टू कॉलेज हैं है जिसमें वहां के पढ़े विद्यार्थियों को ही को नामांकन में प्राथमिकता मिलती है। ऐसे में टाटा कॉलेज, महिला कॉलेज और कॉमर्स कॉलेज एवं ग्रामीण गांव क्षेत्र से अध्ययन करके आने वाले विद्यार्थियों को नामांकन से वंचित रहना पड़ता है। यह कहना है झामुमो छात्र मोर्चा के नेताओं का।

मानसिक प्रताड़ना से जूझ रहे छात्र-छात्राएं : बारीक

टाटा कॉलेज छात्र संघ के पूर्व सचिव पिपुन बारीक ने कहा कि राज्य के अंगीभूत महाविद्यालयों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई बंद की जाने से छात्र-छात्राओं को मानसिक प्रताड़ना से जूझना पड़ रहा है एवं छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को भी इसका गहरा प्रभाव पड़ा है। जल्द ही सरकार द्वारा इस समस्या को लेकर कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लेती है तो छात्र संघ आगामी दिनों में राज्य स्तरीय अनिश्चितकालीन आंदोलन करेगी।

गरीब छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ : हंसदा

छात्र नेता सह झामुमो जिला युवा मोर्चा सचिव मंजीत हंसदा ने कहा कि केंद्रीय शिक्षा नीति 2020 का नियम के अनुसार राज्यपाल एवं उच्च न्यायालय झारखंड रांची द्वारा जारी नोटिफिकेशन खिलाफ है क्योंकि जिला में छात्रों के पर्याप्त इंटर कॉलेज नहीं बने है। इंटरमीडिएट की पढ़ाई बंद किए जाने के निर्णय का कड़ा विरोध करते है। मंजीत हंसदा ने कहा कि यह निर्णय ग्रामीण एवं गरीब छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ है। मंजीत हंसदा ने चेतावनी दी कि यदि सरकार द्वारा पढ़ाई पुनः शुरू नहीं की गई, तो छात्र आंदोलन करने को विवश होंगे। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की है कि शिक्षा से कोई भी वंचित न हो, इसके लिए जल्द से जल्द समाधान निकाला जाए।

इंटर की पढ़ाई को पुनः कराएं : सनातन पिंगुवा

छात्र नेता सनातन पिंगुआ ने इस बात को लेकर चिंता जताई है कि ग्रामीण क्षेत्र के हजारों छात्र-छात्राएं इस समय शिक्षा से वंचित हो रहे हैं क्योंकि उनके निकटवर्ती सरकारी महाविद्यालय एवं इंटरमीडिएट की पढ़ाई बंद कर दी गई है। गरीब व मध्यमवर्गीय परिवारों के छात्र प्राइवेट संस्थानों की भारी फीस वहन नहीं कर सकते। सनातन ने कहा कि यह निर्णय न केवल छात्रों के भविष्य को अंधकार में धकेल रहा है, बल्कि संविधान द्वारा प्रदत्त शिक्षा के अधिकार का भी उल्लंघन है। सनातन पिंगुवा ने कहा छात्र-छात्राओं और अभिभावकों में भारी आक्रोश है सरकार से मांग हैं कि तत्काल कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई को पुनः शुरू किया जाए।

रोटरी क्लब ने 12वीं कॉमर्स की स्टेट टॉपर को 25 हजार की दी छात्रवृत्ति

CHAIBASA : रोटरी क्लब चाईबासा की ओर से 12वीं कॉमर्स में स्टेट टॉपर होने वाली रेशमी कुमारी को 25000 रुपए की सहायता राशि छात्रवृति के रूप में प्रदान की गई। साथ ही उन्हें पुष्प गुच्छ और प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया। संत जेवियर बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा को यह राशि रोटरी क्लब ने रोटरी मेरिटोरियस स्कॉलरशिप के तहत दी गई है। मानु गुप्ता की स्मृति में संचालित यह स्कॉलरशिप मदन गुप्ता के सौजन्य से दी जाती है। इसमें दसवीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेरिटोरियस बालिका को दिया जाता है। रेशमी कुमारी ने राज्य भर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसलिए उनकी प्रतिभा के सम्मान के तौर पर छात्रवृति प्रदान की गई। कार्यक्रम में अध्यक्ष हर्ष राज मिश्रा, सचिव सुशील चोमाल, मदन लाल गुप्ता, प्रवीण पटेल, रितेश मूंधड़ा, सुशील मूंधड़ा, अनिल शर्मा, सुनीत खिरवाल आदि लोग उपस्थित थे।

बहरीन से लौटते ही एयरपोर्ट पर कुख्यात निसार गिरफ्तार

JAMSHEDPUR : कई आपराधिक मामलों में वांछित कुख्यात निसार हसन उर्फ निशु को दिल्ली एयरपोर्ट पर गुरुवार सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। वह बहरीन से दिल्ली पहुंचा ही था कि एयरपोर्ट सुरक्षा एजेंसियों ने उसे हिरासत में ले लिया। गिरफ्तारी के बाद दिल्ली पुलिस ने इस संबंध में जमशेदपुर पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद एक विशेष टीम राजधानी के लिए रवाना हो चुकी है। बताया जा रहा है कि निशु जमशेदपुर में दर्ज गंभीर मामलों में नामजद है। साल 2022 में गैंगस्टर गणेश सिंह पर हुए बम हमले में उसकी संलिप्तता भी सामने आ चुकी है। इसके अलावा उस पर हत्या, रंगदारी, आपराधिक षड्यंत्र सहित कई संगीन धाराओं में केस दर्ज हैं।गिरफ्तारी के कुछ ही देर बाद निशु का एक वीडियो बयान सामने आया है, जिसमें उसने दावा किया कि दिल्ली पुलिस ने उसे पकड़ा है और अब उसे डर है कि कहीं जमशेदपुर पुलिस उसका एनकाउंटर न कर दे। उसने कहा, मुझे सुरक्षा चाहिए, मैं कानून के आगे पेश होने को तैयार हूं।जमशेदपुर पुलिस सूत्रों के अनुसार, निशु की गिरफ्तारी लंबे समय से वांछित थी। उसके खिलाफ गिरोहबंदी अधिनियम के तहत भी कार्रवाई की तैयारी है। जमशेदपुर पुलिस की टीम शुक्रवार सुबह तक उसे ट्रांजिट रिमांड पर लेकर झारखंड ला सकती है।

कब और किसे नहीं खाना चाहिए कद्दू

कद्दू विटामिन ए से भरपूर होता है। यह त्वचा, हड्डी और दांतों को स्वस्थ बनाए रखने में भी मदद करता है। इसके अलावा ये फाइबर से भरपूर है जो कि कई बीमारियों से बचाता है। ये पेट का मेटाबोलिक रेट बढ़ाता है और पाचन क्रिया को तेज करता है। कद्दू में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जैसे अल्फा-कैरोटीन, बीटा-कैरोटीन और बीटा-क्रिप्टोक्सैन्थिन। ये एंटीऑक्सीडेंट मुक्त कणों को बेअसर कर सकते हैं और आपकी कोशिकाओं को क्षतिग्रस्त होने से बचा सकते हैं। लेकिन, हर स्थिति में कद्दू खाना फायदेमंद नहीं है। क्यों जानते हैं इस बारे में।

पेट सही न हो तो कद्दू न खाएं : कद्दू खाना गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल (जीआई) इंफेक्शन से जुड़े लक्षणों को बढ़ा सकता है। इसकी वजह से आपको फूड एलर्जी हो सकती है। इससे अलावा कद्दू खाना पाचन क्रिया को प्रभावित कर सकता है जिससे समस्याएं और बढ़ सकती हैं।

फूड प्वाइजनिंग हो सकती है : कद्दू खाना बैक्टीरिया, वायरस और अन्य रोगजनकों को प्रसारित कर सकता है जो बीमारी का कारण बन सकते हैं। ये फूड प्वाइजनिंग की वजह बन सकता है और आपको गंभीर रूप से बीमार कर सकता है। इसे खाने के बाद उल्टी, मतली और कई प्रकार की समस्याएं हो सकती है और ये दस्त समेत शरीर को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है।

गर्भवती हैं या स्तनपान कराने वाली मां : जो लोग गर्भवती हैं या स्तनपान करा रही हैं, उन्हें इसे खाने से बचना चाहिए। साथ ही ध्यान रखें कि किसी भी खाद्य पदार्थ का सेवन करने से पहले हमेशा अपने आहार के बारे में डॉक्टर से जांच करनी चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि इसे खाना उनके लिए सुरक्षित है या नहीं।

कुछ दवाओं के कारण नुकसान : कद्दू के पोषक तत्व शरीर को पानी की मात्रा को जल्दी से खत्म करने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं यानी कि डिहाइड्रेट कर सकते हैं। जो इस बात पर असर डाल सकता है कि शरीर लिथियम जैसी कुछ दवाओं को कैसे अवशोषित करता है। इसलिए दवाओं के साथ कद्दू खाने से बचें।

लो बीपी में : कद्दू के बीज में बीटा कैरोटीन और मैग्नीशियम होता है जो ब्लड प्रेशर के स्तर को कम करने में मदद कर सकते हैं। लेकिन, अगर आप हाई बीपी की दवाओं जैसी दवाओं का उपयोग कर रहे हैं, तो अपने आहार में कद्दू को शामिल करने से पहले डॉक्टर से बात करें। तो, इन तमाम स्थितियों में कद्दू खाने से बचें।



खाना खाने के कितनी देर के बाद पानी पीना चाहिए?

कुछ लोग खाना खाने से पहले पानी पीते हैं, तो वहीं कुछ लोग खाना खाते-खाते पानी पी लेते हैं और कुछ लोग खाना खाने के तुरंत बाद पानी पीते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि खाना खाते-खाते या फिर खाना खाने के तुरंत बाद पानी पीने की वजह से आपको सेहत से जुड़ी कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है? आइए जानकारी हासिल करते हैं कि आखिर आपको खाना खाने के कितनी देर बाद पानी पीना चाहिए।

30 मिनट के बाद पिएं पानी

आयुर्वेद के मुताबिक आपको खाना खाने के कम से कम 20-30 मिनट के बाद ही पानी पीना चाहिए। अगर आप खाना खाने के आधे घंटे बाद पानी पीते हैं, तो आपके डाइजेस्टिव सिस्टम पर बुरा असर नहीं पड़ता है। यानी अगर आप अपने डाइजेस्टिव सिस्टम को डिस्टर्ब नहीं करना चाहते, तो आपको खाना खाने के तुरंत बाद पानी पीने से बचना चाहिए।

खाने के तुरंत बाद पानी पीने से क्या होता है?

खाने के तुरंत बाद पानी पीने से आपकी गट हेल्थ बुरी तरह से प्रभावित हो सकती है। आपकी इस आदत की वजह से आपको पेट से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। खाने के एकदम बाद पानी पीने से डाइजेशन प्रोसेस धीमा हो जाता है। यही वजह है कि आयुर्वेद में खाने के तुरंत बाद पानी पीने से मना किया जाता है।

गौर करने वाली बात

आयुर्वेद के मुताबिक खाने को अच्छी तरह से चबाकर खाना चाहिए। अगर आप बड़ी-बड़ी बाइट्स बिना चबाए निगल जाएंगे, तो आपकी गट हेल्थ पर नेगेटिव असर पड़ सकता है और आप पेट से जुड़ी समस्याओं का शिकार बन सकते हैं। इसके अलावा अगर आप चाहते हैं कि आपका खाना अच्छी तरह से डाइजेस्ट हो पाए, तो आपको खाने और सोने के बीच में भी कम से कम दो से तीन घंटे का गैप रखना चाहिए।

मधुमेह के मरीज रोज सुबह खाली पेट पी लें इस सूखे पत्ते की चाय

रसोई में ऐसे कई मसाले हैं जिनका इस्तेमाल बीमारियों में दवा का काम करता है। शुगर से लेकर हाई ब्लड प्रेशर तक को कंट्रोल करने में ये मसाले या पत्ते इस्तेमाल किए जाते हैं। मधुमेह में कई घरेलू नुस्खे असरदार साबित होते हैं। जिनका लगातार इस्तेमाल करने से शरीर में ब्लड शुगर कंट्रोल होने लगता है। ऐसा ही सूखा पत्ता है तेज पत्ता, जिसका इस्तेमाल गरम मसाले में करते हैं। तेज पत्ता काफी खुशबूदार होता है। डायबिटीज के मरीज अगर सुबह खाली पेट तेज पत्ता की चाय बनाकर पीते हैं तो इससे शुगर को कम करने में फायदा मिलता है।

तेज पत्ता को सेहत के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। तेज पत्ता में भरपूर एंटी-ऑक्सीडेंट, विटामिन और मिनरल पाए जाते हैं। ये सभी पोषक तत्व डायबिटीज में असरदार साबित होते हैं। तेज पत्ता में आयरन, पोटेशियम, कैल्शियम, सेलेनियम और कॉपर होता है। कुछ दिनों तक नियमित रूप से तेज पत्ता का पानी या चाय पीने से पुरानी से पुरानी डायबिटीज को कम किया जा सकता है।

शुगर में तेजपत्ता के फायदे

आयुर्वेदिक डॉक्टर्स की मानें तो शुगर को कम करने के लिए कई तरह की जड़ी बूटियां हैं जो आपके घर में भी आसानी से मिल जाती हैं। आचार्य बालकृष्ण की मानें तो डायबिटीज में तेज पत्ता काफी फायदेमंद है। कई रिसर्च में भी ये सामने आ चुका है कि डाइट और एक्सरसाइज के साथ कुछ आयुर्वेदिक उपाय करने से शुगर कम होने लगती है। ऐसा करने से इंसुलिन फंक्शन में सुधार आता है।

शुगर में तेज पत्ता की चाय?

तेज पत्ता का इस्तेमाल खाने में तो सभी करते हैं। लेकिन डायबिटीज के मरीज को इसकी चाय या पानी पीना चाहिए। तेज पत्ता की चाय बनाने के लिए 1 तेज पत्ता 1 गिलास पानी में डालकर रातभर के लिए भिगो दें। सुबह इस पानी को उबालकर छानकर पी लें। आप चाहें तो अपनी नॉर्मल दूध वाली चाय में भी तेज पत्ता का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा तेज पत्ता की चाय में थोड़ी दालचीनी, इलायची और तुलसी डालकर भी इसे तैयार कर सकते हैं। नॉर्मली आप सुबह खाली पेट तेज पत्ता का पानी पी सकते हैं। इससे धीरे-धीरे ब्लड शुगर लेवल नॉर्मल होने लगेगा।

इन बीमारियों में फायदा करता है तेज पत्ता

तेज पत्ता न सिर्फ खाने का स्वाद बढाता है बल्कि कई बीमारियों में भी असरदार काम करता है। तेज पत्ता का सेवन करने से पेट की समस्या जैसे कब्ज, एसिडिटी, मरोड़ और दर्द को कम किया जा सकता है। अगर किडनी में स्टोन हो रहे हैं तो तेज पत्ता का पानी पीने से फायदा मिलेगा। जिन लोगों को नींद की समस्या रहती है। वो तेज पत्ता के तेल की कुछ बूंदें पानी में डालकर पी लें। जोड़ों पर तेज पत्ता के तेल से मसाज करना राहत पहुंचाता है।

सेहत के लिए वरदान साबित होगी लेमनग्रास टी

क्या आप जानते हैं कि सही मात्रा में और सही तरीके से लेमनग्रास चाय पीने से आप सेहत से जुड़ी कई समस्याओं को काफी हद तक दूर कर सकते हैं? आपकी जानकारी के लिए बता दें कि लेमनग्रास टी में विटामिन ए, विटामिन सी, जिंक, कॉपर, आयरन, पोटैशियम, फॉस्फोरस, मैग्नीशियम और एंटीऑक्सीडेंट समेत कई पोषक तत्वों की अच्छी खासी मात्रा पाई जाती है। हेल्थ एक्सपर्ट्स अक्सर लेमनग्रास टी पीने की सलाह देते हैं। आइए इसके पीछे छिपे कुछ कारणों के बारे में जानकारी हासिल करते हैं।

गट हेल्थ के लिए फायदेमंद

लेमनग्रास टी में पाए जाने वाले तमाम तत्व आपकी गट हेल्थ को काफी हद तक सुधार सकते हैं। एसिडिटी और पेट दर्द जैसी पेट से जुड़ी समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए आप लेमनग्रास टी का सेवन कर सकते हैं। इसके अलावा लेमनग्रास टी आपकी बॉडी के मेटाबॉलिज्म को बूस्ट कर आपकी वेट लॉस जर्नी को भी काफी हद तक आसान बना सकती है।

बूस्ट करे इम्यूनिटी

विटामिन सी रिच लेमनग्रास टी को रेगुलरली कंज्यूम करने से आप अपने इम्यून सिस्टम को भी मजबूत बना सकते हैं। लेमनग्रास टी न केवल कोलेस्ट्रॉल लेवल और ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में बल्कि आपकी हार्ट हेल्थ को सुधारने में भी कारगर साबित हो सकती है। जोड़ों के दर्द की समस्या से छुटकारा पाने के लिए भी लेमनग्रास टी का सेवन किया जा सकता है।

मेंटल हेल्थ के लिए भी फायदेमंद

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि लेमनग्रास टी न केवल आपकी फिजिकल हेल्थ के लिए बल्कि आपकी मेंटल हेल्थ के लिए भी काफी ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकती है। अगर आप तनाव और चिंता को कम करना चाहते हैं, तो लेमनग्रास टी पीना शुरू कर दीजिए। कुल मिलाकर अपनी ओवरऑल हेल्थ को सुधारने के लिए लेमनग्रास टी को अपने डेली डाइट प्लान का हिस्सा बनाया जा सकता है।

फायदा ही नहीं सेहत को नुकसान भी पहुंचाता है ओट्स

जानें किन लोगों को भूलकर भी नहीं खाना चाहिए?

ओट्स का सेवन सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। यह सुपरफूड अपने हाई फाइबर और हृदय स्वास्थ्य लाभों के लिए जाना जाता है। रात भर भिगोए गए ओट्स से लेकर ओट्स चीला तक, इस अनाज को खाने के कई तरीके हैं। यानी नाश्ते के लिए ओट्स एक हेल्दी विकल्प है, लेकिन कुछ लोगों को इसे नहीं खाना चाहिए। चलिए जानते हैं वे लोग कौन हैं?

किन लोगों को नहीं खाना चाहिए ओट्स :

एलर्जी होने पर : ओट्स से एलर्जी बच्चों और वयस्कों दोनों को प्रभावित कर सकती है। ओट्स एलर्जी के लक्षणों में पित्ती, जठरांत्र संबंधी, श्वसन संबंधी समस्याएं शामिल हैं। इसलिए, ओट्स से एलर्जी वाले लोगों को ओट्स के उत्पादों का सेवन करने से बचना चाहिए।

इरिटेबल बाउल सिंड्रोम से पीड़ित : ओट्स में घुलनशील फाइबर भरपूर मात्रा में होता है, जो कोलेस्ट्रॉल को कम करने और रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है। लेकिन, ओट्स में मौजूद हाई फाइबर इरिटेबल बाउल सिंड्रोम वाले लोगों में यह समस्या हो सकती है। इससे पेट में सूजन, गैस और तकलीफ पैदा हो सकती है।

मिनिरल्स की कमी होने पर : ओट्स में फाइटिक एसिड होता है, जो एक एंटीन्यूट्रिएंट है जो कैल्शियम, आयरन और जिंक जैसे आवश्यक मिनिरल्स से जुड़ सकता है, जिससे शरीर में अवशोषण कम हो जाता है। हालांकि यह स्वस्थ लोगों के लिए हानिकारक नहीं है, लेकिन जिन लोगों में मिनिरल्स की कमी है या जो लोग मुख्य रूप से ओट्स खाते हैं, उन्हें कम मात्रा में ओट्स खाना चाहिए।

किडनी की बीमारी से पीड़ित लोग : ओट्स में फॉस्फोरस की मात्रा अधिक होती है, जो किडनी के लिए हानिकारक हो सकती है, इसलिए किडनी की बीमारी वाले लोगों को ओट्स खाने से बचना चाहिए।

डायबिटीज के मरीज: ओट्स में कॉम्प्लेक्स कार्बोहाइड्रेट होते हैं, जो रक्त शर्करा के स्तर को बढ़ा सकते हैं, इसलिए डायबिटीज के मरीजों को डॉक्टर से सलाह लेकर ही ओट्स खाना चाहिए।

खाने के बाद करें 10 मिनट की वॉक

रोजाना वॉक करके आप सेहत से जुड़ी कई समस्याओं को दूर भगा सकते हैं। लेकिन क्या आप खाना खाने के बाद वॉक करने के कुछ कमाल के हेल्थ बेनिफिट्स के बारे में जानते हैं? दादी-नानी के जमाने से खाना खाने के बाद वॉक करने की सलाह दी जाती रही है। जो लोग रेगुलरली टहलते हैं, उनका शरीर बाकी लोगों की तुलना में ज्यादा ताकतवर बन जाता है। आइए जानते हैं कि खाना खाने के बाद वॉक क्यों करनी चाहिए... आपको हर रोज खाना खाने के बाद महज 10 मिनट निकालकर टहलना चाहिए। एक हफ्ते तक इस नियम को बिना तोड़े फॉलो कीजिए और आपको खुद-ब-खुद पॉजिटिव असर देखने को मिल जाएगा। हालांकि, खाना खाने के बाद आपको ज्यादा तेज स्पीड में वॉक नहीं करनी चाहिए वरना आपके शरीर पर पॉजिटिव की जगह नेगेटिव असर भी पड़ सकता है।

मिलेंगे फायदे ही फायदे - खाने के बाद वॉक करने से आप अपने ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल कर सकते हैं। अगर आपको डायबिटीज है तो आपको इस नियम को जरूर फॉलो करना चाहिए। खाने के बाद वॉक करने से न केवल आपकी बॉडी के मेटाबॉलिज्म को बूस्ट किया जा सकता है बल्कि आपकी गट हेल्थ को भी काफी हद तक सुधारा जा सकता है।

राहुल गांधी के 'मिशन बिहार' को बड़ा झटका- अब कांग्रेस क्या करेगी?

संतोष कुमार पाठक

बिहार में वर्ष 2020 में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में महागठबंधन के सबसे बड़े दल के तौर पर राजद 144 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। जबकि कांग्रेस के खाते में 70 सीटें आई थी। सीपीआई-माले 19, सीपीआई 6 और सीपीएम 4 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ी थी।

कांग्रेस पार्टी को देशभर में मजबूत बनाने के अभियान में जुटे राहुल गांधी पिछले कुछ महीनों से लगातार बिहार का दौरा कर रहे हैं। वर्ष 2025 में वह अब तक कुल मिलाकर पांच बार बिहार का दौरा कर चुके हैं। अपने इन दौरे के दौरान कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बिहार के दलित मतदाताओं, अन्य पिछड़ी जाति के लोगों और अत्यंत पिछड़ी जाति के लोगों के साथ-साथ युवाओं और महिलाओं के साथ संवाद कर,उन्हें साधने की कोशिश की। पार्टी संगठन को धार और नई रफ्तार देने के लिए उन्होंने प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष से लेकर जिला अध्यक्षों तक को बदल दिया।

जाहिर तौर पर, राहुल गांधी अपनी इन तमाम कोशिशों के जरिए बिहार में कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने की रणनीति पर ही काम कर रहे थे। इसका एक मकसद और भी था कि बिहार में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी विपक्षी इंडिया गठबंधन (महागठबंधन) में ज्यादा से ज्यादा सीटें हासिल कर सकें।

लेकिन राहुल गांधी के इस 'मिशन बिहार' को उनके अपने ही सहयोगी दल राष्ट्रीय जनता दल ने बड़ा झटका दे दिया है। लालू यादव के फॉमूर्ले ने कांग्रेस पार्टी को बेचैन कर दिया है। कांग्रेस 2020 की तरह इस बार भी 70 विधानसभा सीटों पर ही चुनाव लड़ना चाहती है लेकिन राजद ने इतनी सीटें देने से साफ-साफ इनकार कर दिया है। यानी अब यह तय हो गया है कि विपक्षी महागठबंधन में कांग्रेस को इस बार 2020 की तरह 70 सीटें नहीं मिलेगी। गठबंधन और सीटों को लेकर होने वाली बैठकों की अध्यक्षता भले ही तेजस्वी यादव कर रहे हो लेकिन पर्दे के पीछे से सब कुछ लालू यादव ही तय कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, राजद ने यह साफ कर दिया है कि राजनीतिक दलों की संख्या और क्षमता के आधार पर गठबंधन में कांग्रेस को लगभग 53 सीटें ही मिल सकती है।

बिहार में वर्ष 2020 में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में

महागठबंधन के सबसे बड़े दल के तौर पर राजद 144 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। जबकि कांग्रेस के खाते में 70 सीटें आई थी। सीपीआई-माले 19, सीपीआई 6 और सीपीएम 4 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ी थी। पिछले विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन के साथ चुनाव लड़ने वाले मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी भी इस बार विपक्षी गठबंधन का हिस्सा है। एक तरफ जहां मुकेश सहनी की पार्टी को सीट बंटवारे में एडजस्ट करने की चुनौती है वहीं लेफ्ट फ्रंट के दल खासकर सीपीआई-माले सीट बढ़ाने की मांग को लेकर अड़ गया है। ऐसे में लालू यादव भी अपनी पार्टी के कोटे को घटाने पर तैयार हो गए हैं। लेकिन वो किसी भी कीमत पर 140 से कम पर जाने को तैयार नहीं है।

सूत्रों के मुताबिक, तेजस्वी यादव ने कांग्रेस के सामने जो पहला फॉमूर्ला रखा है उसके तहत आरजेडी 144 की बजाय 140 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। पिछली बार की तरह ही इस बार भी सीपीआई को 6 और सीपीएम को 4 सीटें ही दी जाएगी। लेकिन सीपीआई-माले को 6 सीटें बढ़ाकर 25 सीटें दी जा सकती है। मुकेश सहनी की पार्टी वीआईपी को 15 सीटों पर लड़ाया जाएगा। वहीं पिछली बार 70 सीटों पर चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस को इस बार 53 सीटों के आसपास ही संतोष करना पड़ेगा। इस फॉमूर्ले में 2-3 सीटों का हेरफेर किया जा सकता है।

लेकिन अगर आने वाले दिनों में पशुपति पारस, असदुद्दीन ओवैसी, हेमंत सोरेन और अखिलेश यादव को भी बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर गठबंधन में शामिल किया गया तो फिर सभी दलों को त्याग करना पड़ेगा। ऐसे हालात में, कांग्रेस के हाथ में सिर्फ 45-46 सीटें ही आ पाएंगी। यानी लालू यादव के पहले फॉमूर्ले के तहत कांग्रेस को 53-55 और दूसरे फॉमूर्ले के तहत सिर्फ 45-46 सीटें ही मिल सकती है।

आपको याद दिला दें कि, वर्ष 2020 में हुए पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान राजद मुखिया लालू यादव जेल में थे। यह आरोप लगाया जाता है कि लालू यादव के जेल में रहने का फायदा उठाते हुए कांग्रेस ने तेजस्वी यादव पर दबाव डालकर गठबंधन में 70 सीटें झटक ली। लेकिन 70 सीटों पर चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस सिर्फ 19 सीटों पर ही जीत हासिल कर पाई। लालू यादव और तेजस्वी यादव सहित विपक्षी गठबंधन के कई नेताओं का यह मानना है कि कांग्रेस के खराब प्रदर्शन के कारण ही बिहार में नीतीश कुमार फिर से मुख्यमंत्री बनने में कामयाब हो गए थे।

लालू यादव 2020 के विधानसभा चुनाव के समय पर जेल में थे लेकिन इस बार बाहर है और सीट बंटवारे के अपने फॉमूर्ले पर अडिग है।

राजद के इस फॉमूर्ले ने कांग्रेस नेताओं को दुविधा की स्थिति में डाल दिया है। अब गेंद राहुल गांधी के पाले में है कि वह इतनी ही सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार हो जाएं या सीधे लालू यादव से बात करके कांग्रेस के कोटे की सीटों की संख्या को बढ़ाने का प्रयास करें। हालांकि बिहार में कांग्रेस के कई नेता दबी जुबान में एक तीसरे विकल्प की बात भी कर रहे हैं। तीसरा विकल्प यानी राहुल गांधी बिहार में अन्य छोटे-छोटे दलों को साथ लेकर तीसरा मोर्चा बनाए और बड़े भाई की भूमिका में चुनाव लड़ जाएं।

संपादकीय

ट्रंप की नूराकुश्ती

मध्य-पूर्व में अमेरिका और इस्त्राइल को नया शिकार मिल गया है। ट्रंप और नेतनयाहू की जुगलबंदी से ईरान तबाही की ओर बढ़रू रहा है। अलग-थलग पड़.चुका ईरान कितना प्रतिरोध कर पाएगा यह तो भविष्य ही बताएगा क्योंकि जहां से मदद की उसे उम्मीद थी वह रूस तीन साल से यूक्रेन से पार नहीं पा सका है, और चीन इस्त्राइल को संयम रखने वाली नसीहतें देकर काम चला रहा है। इस समय दुनिया की जो हालत है उसमें सबने अपने-अपने टारगेट तय किए हुए हैं, चीन को भी कालांतर में ताइवान से निपटना है। ट्रंप की चेतावनियों से तो लगता है कि अमेरिका युद्ध में कूद ही पड़ा है। अमेरिका पहले अपने शत्रु तैयार करता है और फिर विध्वंसक रासायनिक, परमाणु हथियार बनाने और लोकतंत्र हनन के अनर्गल आरोप लगा कर लड़ाई करता है। इराक, अफगानिस्तान, लीबिया और सीरिया की तबाही इसके ज्वलंत उदाहरण हैं। दरअसल, अमेरिका की मजबूत हथियार लॉबी, जो नये-नये हथियार ईजाद करती है, के हथियारों का कहीं परीक्षण भी तो होना चाहिए। युद्ध के बहाने हथियारों का परीक्षण हो जाता है और कई देश दहशत में भी आ जाते हैं। हथियारों की बिक्री का यह उसका आजमाया हुआ तरीका है। इस्त्राइल की मदद के बहाने अमेरिका ईरान के पीछे पड़ा है जो ईरान उसके साथ पांच दौर की परमाणु वार्ता कर चुका था, छठे दौर की वार्ता से ठीक पहले अमेरिका ने इस्त्राइल को उकसा कर हमला करवा दिया। ईरान परमाणु हथियार विकसित करने का सपना छोड़.कर परमाणु के शांतिपूर्ण इस्तेमाल पर सहमत होने ही वाला था कि इस्त्राइल ने युद्ध छेड़.दिया। इस खेल में ट्रंप की मिलीभगत है। ट्रंप अब ईरानियों को तेहरान छोड़.जाने की चेतावनी दे रहे हैं। वह अब खेल को लोकतंत्र स्थापना के नाम पर खेलना चाहते हैं। ईरान के शीर्ष नेता खामेनेई को उन्होंने विलेन घोषित कर दिया है और ईरानी जनता को खामेनेई से मुक्ति दिलाने के बहाने भड़काने की पूरी तैयारी है। इसी के चलते ट्रंप यह जानने का दावा भी कर रहे हैं कि खामेनेई कहां छिपे हैं। यह युद्ध अब पूरी तरह प्रोपेगैंड़ा के आधार पर लड़ा जा रहा है। इसमें पश्चिमपरस्त मीड़िया की अहम भागीदारी है। इस्त्राइल और अमेरिका के दावों को तो बढ़ा-चढ़ा कर बताया-दिखाया जा रहा है। ईरान में हुए नुकसान को ही मिर्च मसाला लगा कर बताया जा रहा है जबकि ईरान का प्रतिरोध और इस्त्राइल में हो रही क्षति की बातें कम करके बताई जा रही हैं। ट्रंप मामले में खालिश नूराकुश्ती कर रहे हैं, और विश्वसनीय नहीं रहे।

कटाक्ष/सहीराम

फिर मौका है

लो जी, एक बार फिर मौका आ गया वॉर रुकवाने का। यह मौका अमेरिका को तो जी गाहे-बगाहे मिल ही जाता है। आखिर तो वह अमेरिका है। और अमेरिका का राष्ट्रपति अगर ट्रंप हो तो फिर वह मौका न भी मिले तो छीन लेता है। जैसे इधर हमारा पाकिस्तान से जो नन्हा सा युद्ध हुआ, उसे रोकने का श्रेय उसने न हमें लेने दिया और न ही पाकिस्तान को। बोला-इसका श्रेय तो मैं ही लूंगा। तुम नहीं लेने दोगे तो मैं जबर्दस्ती लूंगा। शोर मचा दूंगा। हल्ला काट दूंगा। क्या कर लोगे। आखिर तो मैं अमेरिका ही नहीं, ट्रंप भी तो हूं। कुछ लोग इसे करेला और नीम चढ़ा भी कह सकते हैं। तो अमेरिका को तो यह मौका मिलता ही रहता है। क्योंकि न तो वह दुनिया में युद्ध रुोकने देता है और न ही चौधराहट छोड़ता है। कोई उसे विश्व दरोगा कहता है, कोई उसे दुनिया का चौधरी कहता है। पता नहीं आखिर वह बला क्या है।

लेकिन अब तो यह मौका एक फिर से हमें भी मिल रहा है। एक बार पहले जब रूस-यूक्रेन युद्ध रुोकवाने का मौका मिला था तो वह यूक्रेन में फंसे अपने छात्रों के बहाने से मिला था। पता नहीं किसकी नजर लगी कि वह श्रेय हमें मिल नहीं पाया। फिर अभी हम ट्रंप भी तो नहीं हुए कि श्रेय जबर्दस्ती ले लें। लोग कह रहे हैं कि हो सकता है यह नजर मणिपुर की ही लगी हो। अब उन्हें कौन बताए कि जिस मणिपुर को खुद ही किसी की नजर लगी हो, वह किसी और को क्या नजर लगाएगा भला। फिर भी जलकुकड़े कहने से बाज नहीं आए कि मणिपुर की मार-काट तो रोकवा नहीं पा रहे। उसके बाद तो खैर हमारा अपना ही पाकिस्तान से युद्ध हो गया। वॉर रुकवाने से वॉर करने तक का सफर यूं रहा।

अब इसे मेहरबानी तो किस की कहें, पर एक बार फिर वॉर रुकवाने का मौका मिल रहा है। खैर बहाना एक बार फिर से छात्र ही बन रहे हैं। अब ईरान में भी हमारे छात्र फंसे हुए हैं। जैसे रूस-यूक्रेन युद्ध रुोकवा कर-जैसा कहा गया-उन छात्रों को निकाला गया था, वैसे ही अब इन छात्रों को भी निकाल ही लेना चाहिए। फिर जैसे पुतिन और जेलेंस्की से दोस्ती थी, वैसी ही दोस्ती बीबी-यानी नेतन्याहू और ईरानी नेताओं-से भी है ही। एक से थोड़ी ज्यादा गाढ़ी होगी तो दूसरों से थोड़ी हल्की होगी। दुनिया घूमने का आखिर, इतना फायदा तो होना ही चाहिए। नहीं क्या?

विश्व शरणार्थी दिवस : मान्यता के माध्यम से एकजुटता



किशन सनमुखदास भावनानीं

वैश्विक स्तरपर हर वर्ष विश्व शरणार्थी दिवस 20 जून को मनाया जाता है जिसकी प्रतिवर्ष एक थीम होती है,जो 20 जून 2025 की थीम मान्यता के माध्यम से एकजुटता है।असल में,दुनिया भर में एक बड़ी संख्या में शरणार्थी रहते हैं। इनके साथ आए दिन प्रताड़ना, संघर्ष और हिंसा जैसी कई चुनौतियों के कारण इनको अपना देश छोड़कर बाहर भागने को मजबूर होना पड़ता है। जिसके बाद इन सभी को कईं देशों में पनाह मिल जाती है। वहीं, कई देशों से इनको निकाल भी दिया जाता है। बेशक इन्हें पनाह मिल जाए, लेकिन वो सम्मान और अधिकार नहीं मिल पाते।शरणार्थी के साहस, शक्ति और संकल्प के प्रति सम्मान व्यक्त करना है। इसके साथ ही इस दिन को मनाये जाने का एक अन्य उद्देश्य शरणार्थियों की बुरी दुर्दशा की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करना और उनकी समस्याओं का हल करना है,संयुक्त राष्ट्र 1951 शरणार्थी सम्मेलन और इसके प्रोटोकाल 1967, हालांकि भारत अमेरिका ने इसपर हस्ताक्षर नहीं किए हैं,परंतु इसके अनुसार शरणार्थी सम्मेलन और इसका 1967 प्रोटोकॉल अत्यंत महत्वपूर्ण है शरणार्थी दुनियाँ के सबसे कमजोर लोगों में से हैं। यह सम्मेलन और प्रोटोकॉल उनकी सुरक्षा में मदद करता है। वे एकमात्र वैश्विक कानूनी साधन हैं जो स्पष्ट रूप से एक शरणार्थी के जीवन के सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं को कवर करते हैं। उनके प्रावधानों के अनुसार, शरणार्थी, कम से कम, किसी दिए गए देश में अन्य विदेशी नागरिकों के साथ व्यवहार के समान मानकों के पात्र हैं और, कई मामलों में,नागरिकों के समान व्यवहार।1951 के कन्वेंशन में कई अधिकार शामिल हैं और यह अपने मेजबान देश के प्रति शरणार्थियों के दायित्वों पर भी प्रकाश डालता है। 1951 के कन्वेंशन की आधारशिला गैर-रिफाउलमेंट का सिद्धांत है। इस सिद्धांत के अनुसार, एक शरणार्थी को उस देश में नहीं लौटाया जाना चाहिए जहां उसे अपने जीवन या स्वतंत्रता के लिए गंभीर खतरा है। शरणार्थियों द्वारा इस सुरक्षा का दावा नहीं किया जा सकता है,जिन्हें देश की सुरक्षा के लिए उचित रूप से खतरा माना जाता है, या विशेष रूप से गंभीर अपराध के लिए दोषी ठहराया गया है,उन्हें समुदाय के लिए खतरा माना जाता है। परंतु मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भाववाणी गोंदिया महाराष्ट्र, यह मानता हूं कि अभी 1951 सम्मेलन तथा 1967 के प्रोटोकॉल को संशोधन करने की जरूरत आन पड़ी है? क्योंकि वर्तमान समय में हम अमेरिका- भारत-पाकिस्तान सहित अनेकों देशों में हो रहे गंभीर दंगों व आवर्जन विवादों के कारण माहौल दंगों में बदलने की संभावना हो गई है?भारत का ऑपरेशन पुशबैक व अमेरिका का टारगेट@3000 से दंगा भड़क उठा है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे वैश्विक परिपेक्ष में जबरन स्वार्थी पलायन शरणार्थी बनाम भय उत्पीड़न हिंसा व पर्यावरणीय जलवायु परिवर्तन शरणार्थी।

साथियों बात अगर हम अमेरिका की करें तो,वहां भी घुसपैठ का हाल कमोबेश ऐसा ही है। यह जब एक बार घुसपैठिया अंदर आ जाता है तो उसको डिपोर्ट करना भी इसी तरह एक लंबा और विवादास्पद मामला बन जाता है। अमेरिका में लॉस एंजिल्स न्यूयॉर्क और सैन फ्रांसिस्को जैसे कुछ ऐसे शहर हैं,जहाँ अधिकारियों को इन घुसपैठियों से पूछताछ करने या उन्हें हिरासत में लेने की अनुमति नहीं है। ये शहर डिपोर्ट करने के आदेशों या पुलिस के साथ सहयोग करने से साफ इनकार करते हैं, उन्हें कानून प्रवर्तन के राजनीतिक हथियार के रूप में देखते हैं।जून 2025 की शुरूआत से लॉस एंजिल्स में इसी से जुड़ा एक नाटक चल रहा है। यहाँ घुसपैठियों पर जब एक्शन चालू हुआ तो इसके विरोध में प्रदर्शन होने लगे। पुलिस ने इन प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस और रबर की गोलियाँ चलाई। यहाँ इसके बाद यूनियन नेता को गिरफ्तार कर लिया गया, सरकार ने इसके बाद टाइटल 10 कानून के तहत 4,000 नेशनल गार्ड सैनिकों और 700 मरीन को तैनात करके जवाब दिया। इसके बाद तो बवाल और बढ़ा। कई कारों को जला दिया गया, सड़कों को अवरुद्ध कर दिया गया, कई पत्रकारों को घायल कर दिया गया। इस पूरे बवाल से ट्रंप सरकार की घुसपैठियों को लेकर नीति और किसी शहर को उनके लिए स्वर्ग बनाने की राजनीति माना जा सकता है। इन सब चक्करों में डिपोर्टेशन और भी कठिन हो जाता है। भले ही अमेरिका के वर्तमान राष्ट्रपति सख्त सीमा प्रवर्तन और भूमि से अवैध अप्रवासियों को हटाने के लिए जोर दे रहे हैं, लेकिन कानूनी प्रणाली और कुछ विशिष्ट शहर इससे कड़ी लड़ाई लड़ रहे हैं।

साथियों बात अगर हम भारत की करें तो यहाँ भी वर्तमान में ऑपरेशन पुशबैक चल रहा है। इसके तहत बांग्लादेशी घुसपैठियों को वापस भेजने का प्रयास हो रहा है। यह कार्रवाई अभी कुछ हजार लोगों तक ही सीमित है।भारतीय फैशन,असल में एक बार जब अवैध प्रवासी किसी देश में प्रवेश कर जाते हैं तो चाहे वह भारत हो, अमेरिका फिर या यूरोप के देश, तो उन्हें वापस भेजना कानूनी अड़चन, राजनीतिक विरोध और एक्टिविज्म का एक चक्रव्यूह बन जाता है। कायदा तो यह होना चाहिए कि किसी देश में अवैध रूप से रहने वालों को उठा कर सीधे वापस भेज दिया जाना चाहिए। हालाँकि, यह लंबी अदालती लड़ाइयों, एक्टिविज्म और कानूनी दाँवपेंच में बदल गया है। दिलचस्प बात यह है कि जहाँ भारत जैसे देशों में घुसपैठियों को बाहर निकालना मुश्किल का काम है, वहीं पाकिस्तान धड़ाधड़ अफगानिस्तान के लोगों को निर्वासित कर रहा है। रिपोर्ट बताती है कि फरवरी 2025 तक, पाकिस्तान ने 8 लाख से ज्यादा अफगानों को बिना किसी बवाल के डिपोर्ट कर दिया है।

साथियों बात अगर हम भारत अमेरिका के 1951 के शरणार्थी सम्मेलन व1967 के प्रोटोकॉल में शामिल नहीं होने की करें तो, भारत शामिल नहीं है। इसका मतलब है कि भारत कानूनी रूप से इन अंतर्राष्ट्रीय समझौतों द्वारा बाध्य नहीं है, जो शरणार्थियों के अधिकारों को परिभाषित करते हैं और देशों को उन्हें वापस अपने देशों में भेजने से रोकते हैं। हालांकि, भारत ने हमेशा पड़ोसी देशों से आने वाले शरणार्थियों को मानवीय आधार पर स्वीकार किया है और उनके साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार किया है। भारत का मानना है कि शरणार्थी समस्या एक द्विपक्षीय मुद्दा है और स्थिति सामान्य होने पर शरणार्थियों को अपने देशों में वापस लौट जाना चाहिए। भारत में शरणार्थियों के लिए कोई विशिष्ट कानून नहीं है, लेकिन संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत, सभी व्यक्तियों को जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार है, चाहे वे भारत के नागरिक हों या नहीं। इसका मतलब है कि शरणार्थियों को भी इस अधिकार से सुरक्षा मिलती है, और उन्हें मनमाने ढंग से वापस नहीं भेजा जा सकता है। भारत में शरणार्थी समस्या के समाधान के लिए एक स्पष्ट शरणार्थी नीति की आवश्यकता है जो शरणार्थियों के प्रबंधन के लिएपारदर्शी और जवाबदेह व्यवस्था का निर्माण करे। अमेरिका 1951 के अंतर्राष्ट्रीय शरणार्थी सम्मेलन में शामिल नहीं है, लेकिन उसने 1967 के प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए हैं, 1967 का प्रोटोकॉल 1951 के सम्मेलन के दायरे को व्यापक बनाता है,इसका मतलब है कि अमेरिका ने शरणार्थियों की स्थिति से संबंधित कुछ दायित्वों को स्वीकार किया है, लेकिन सभी दायित्वों को नहीं, 1951 का शरणार्थी सम्मेलन शरणार्थियों की परिभाषा और उन्हें प्रदान किए जाने वाले अधिकारों को निर्धारित करता है, 1980 का शरणार्थी अधिनियम अमेरिकी आव्रजन कानून में शरणार्थी की परिभाषा और शरण की प्रक्रिया को शामिल करता है. इस अधिनियम में, अमेरिका ने 1967 के प्रोटोकॉल के तहत अपने दायित्वों को पूरा करने की बात कही है। साथियों बात अगर हम सही अर्थों में शरणार्थी दिवस के समर्पित पीड़ितों की करें तो, बता दें कि विश्व शरणार्थी दिवस उन लोगों के लिए समर्पित दिन है, जो किसी मजबूरी के कारण अपने घर से बाहर रहने के लिए मजबूर होते हैं और वहां पर कई तरह की परेशानियों का सामना करते हैं. दुनियाभर के कई देशों में देखा गया है कि लोग आपदा, बाढ़, किसी महामारी,युद्ध के कारण,हिंसा समेत अन्य कारणों से अपना घर छोड़ने के लिए मजबूर हुए हैं. संयुक्त राष्ट्र ने विश्व भर में ऐसे लोगों के मदद और उनके संघर्षों के लिए इस दिन को उनके लिए समर्पित किया है. इतना ही नहीं इन शरणार्थी को प्रेरित किया जाता है, वह दूसरे देशों में जाकर खुद के जीवन को दोबारा से शुरू कर सकते हैं. जिससे उन्हें और उनके परिवार को वहां पर नया जीवन मिले और उन्हें जीवन जीने के लिए बेहतर सुविधाएं भी मिल सके।

अतः अगर हम अपरूप पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि विश्व शरणार्थी दिवस 20 जून 2025 - मान्यता के माध्यम से एकजुटता वैश्विक बदलते परिपेक्ष में जबरन स्वार्थी पलायनशरणार्थी बनाम भय उत्पीड़न हिंसा व पर्यावरणीय जलवायु परिवर्तन पीड़ित शरणार्थी।दुनियाँ की बदलती परिस्थितियों से क्या अंतरराष्ट्रीय शरणार्थी सम्मेलन 1951व इसके प्रोटोकॉल 1967 के संशोधन की जरूरत नहीं?भारत के ऑपरेशन पुशबैक व अमेरिका के टारगेट@3000 इसके सटीक उदाहरण हैं।

मुद्दा: ड़िजिटल होगी जाति जनगणना

प्रमोद भार्गव

दुनिया की सबसे बड़ी आबादी की जनगणना की अधिसूचना जारी हो गई है। कोविड महामारी के कारण 2021 में होने वाली यह जनगणना अब शुरू होगी। कांग्रेस समेत पूरा विपक्ष जातिवार जनगणना कराने की मांग कर रहा था। अचानक मोदी सरकार ने जातिवार जनगणना कराने का फैसला लेकर उसे चौंका दिया क्योंकि अब यह मुद्दा हमेशा के लिए समाप्त हो जाएगा। सभी वर्गों की प्रमुख जातियों के साथ उपजातियों की जनगणना के आंकड़े जब सामने आएंगे, तब यह भी स्पष्ट हो जाएगा कि सैद्धांतिक रूप से जातिगत गणना कराना उचित था या नहीं?

ई-बाजार, ई-आवेदन, ई-रेल व बस में आरक्षण ई-भुगतान के बाद अब ई-जनगणना यानी डिजिटल गिनती होगी। इस गिनती में जाति की गिनती भी साथ-साथ होगी। इसमें जन्म और मृत्यु, दोनों ही डिजिटल जनगणना से जुड़े होंगे। हर जन्म के बाद डिजिटल जनगणना खुद ही अद्यतन हो जाएगी और जब किसी की मृत्यु होगी तो उसका नाम खुद ही डाटा से डिलीट हो जाएगा। सेंसर रजिस्टर यानी जनगणना में बच्चे के जन्म, माता-पिता, जाति और जन्म स्थान की जानकारी समेत 16 भाषाओं में 36 प्रश्नों के उत्तर दर्ज हो जाएंगे। बालक जब 18 साल का होगा तो खुद ही उसका नाम चुनाव आयोग के पास चला जाएगा। नतीजतन, उसका मतदाता पहचान पत्र बनने के साथ मतदाता सूची में भी नाम स्वयमेव दर्ज हो जाएगा। फिर जब किसी की मौत हो जाएगी तो ऑनलाइन जनगणना के डाटा से उस शख्स का नाम खुद ही डिलीट भी हो जाएगा। इस तरह से जनगणना का डाटा हमेशा खुद अद्यतन होता रहेगा। राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) की प्रक्रिया पर करीब 12000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। डिजिटल जनगणना की घोषणा 1 फरवरी, 2021 को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने की थी। जनगणना-2021 में नागरिकों को गणना में शामिल होने की एक बेहतर और अनूठी ऑनलाइन सुविधा दी गई है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को ऑनलाइन स्व-गणना का अधिकार देने के लिए नियमों में परिवर्तन किए हैं। जनगणना (संशोधन), 2022 के अनुसार परंपरागत तरीके से तो जनगणना घर-घर जाकर सरकारी कर्मचारी करेंगे ही, लेकिन अब नागरिक स्व-गणना के माध्यम से भी अनुसूची प्रारूप भर सकता है। इसके लिए पूर्व नियमों में 'इलेक्ट्रॉनिक फार्म' शब्द जोड़ा गया है, जो सूचना प्रौद्योगिकी कानून, 2000 की धारा दो की उपधारा (एक) के खंड आर में दिया गया है। इसके अंतर्गत मीडिया, मैग्नेटिक, कंप्यूटरजनित माइक्रोचिप या इसी तरह के अन्य उपकरण में तैयार कर भेजी या संग्रहित की गई जानकारी को इलेक्ट्रॉनिक फार्म में दी गई जानकारी माना जाएगा यानी एनरायड मोबाइल से भी अपनी गिनती दर्ज की जा सकेगी, जो आजकल घर-घर में उपलब्ध है। इस ऑनलाइन प्रविष्टि के अलावा घर-घर जाकर भी जनगणना की जाएगी। गिनती के विकेंद्रीकरण के इस नवाचार से देश जहां 10 साला जनगणना की बोझिल परंपरा से मुक्त होगा वहीं देश के पास प्रति माह प्रत्येक पंचायत स्तर से जीवन और मृत्यु की गणना के सटीक आंकड़े मिलते रहेंगे।

जनगणना में निरंतरता इसलिए भी जरूरी है कि देश-दुनिया में जनसंख्या वृद्धि विस्फोटक बताई जा रही है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक दुनिया की जनसंख्या लगभग सात सौ करोड़ हो चुकी है। धरती पर जितनी तेजी से मानव समुदायों की आबादी उन्नसवीं सदी में बढ़ी है, उतनी तेजी से बढ़ोतरी पहले कभी दर्ज नहीं हुई। एक अनुमान के मुताबिक ईसवी सन एक में धरती पर कुल आबादी लगभग तीस करोड़ थी। अठारहवीं शताब्दी के अंत में दुनिया की जनसंख्या एक अरब के आंकड़े को भी पार नहीं कर पाई थी। इन शताब्दियों में जन्म दर की मात्रा अधिक होने के बावजूद जनसंख्या वृद्धि दर बेहद मंदी थी। प्रकृति पर निर्भर गर्भनिरोधकों से दूर और उपचार की आसान-सुलभ पद्धतियों से अनजान स्त्री-पुरुष बच्चे तो खूब पैदा करते थे, लेकिन उनमें से ज्यादातर मर जाया करते थे। बीमारियों की पहचान-उपचार से नियंत्रण के चलते बीसवीं शताब्दी के पहले ही तीन दशकों में आबादी दोगुनी होकर करीब पौने दो अरब के आंकड़े को छू गई थी।

हरेक दस साल में की जाने वाली जनता-जनार्दन की गिनती में करीब 34 लाख कर्मचारी जुटते हैं। छह

लाख ग्रामों, पांच हजार कस्बों, सैकड़ों नगरों और दर्जनों महानगरों के रहवासियों के द्वार-द्वार दस्तक देकर जनगणना का कार्य करना कर्मचारियों के लिए जटिल होता है। यह काम तब और बोझिल हो जाता है, जब किसी कर्मचारी-दल को उसके स्थनीय दैनंदिन कार्य से दूर कर उसे दूरांचल गांव में भेज दिया जाता है। ऐसे हालात में गिनती की जल्दबाजी में वे मानव समूह छूट जाते हैं, जो आजीविका के लिए मूल निवास स्थल से पलायन कर जाते हैं। इन विस्थापितों का जनगणना के समय स्थायी ठिकाना कहां है, जनगणना करने आए दल को यह पता लगाना मुशकिल होता है?

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

Reshaping West Asia's strategic map

The roots of the Iran-Israel standoff lie in the seismic shift of 1979, when the Iranian Revolution overthrew the Shah and birthed a Shia regime with ambitions that aimed to claim a leadership position in the Islamic world. This ideological transformation triggered a sectarian rivalry that rallied other Sunni states to counterbalance Iran's regional influence, the primary one being Saudi Arabia. It was also a time when Arab states were seen to be retreating from their once-strident anti-Zionist positions after repeated military defeats.

The new clergy-led Iranian regime stepped in with a fierce anti-Israel posture. Israel was cast as a symbol of Western-backed oppression—an ideological anathema. Support, over time, for militant groups like Hezbollah (Shia), Hamas, and Islamic Jihad—despite the sectarian diversity—underscores how Iran's strategic opposition to Israel could bridge even Shia-Sunni divides. Iran today is probably more anti-Israel than all the Arab nations put together. For Iran, confrontation with Israel serves three purposes—regime consolidation, assertion of regional influence, and provision of a strategic and ideological counterweight to the Western-aligned Sunni monarchies of the Persian Gulf.The nuclear dimension complicates this further. Iran's nuclear programme, long a subject of global anxiety, is more than just a shield against regime change. It represents a bid to strategically balance Israel, the region's undeclared nuclear power. While Israel remains the most prominent target in Tehran's rhetoric, the implications of an Iranian bomb go well beyond.

The latest Israeli strikes on Iranian nuclear and military infrastructure must be seen in this context, with the idea that Israeli intelligence suspected a few weeks or even days to Iran's overt declaration of nuclear weapon status. However, to be fair, we have had such reports earlier too, including in the context of Iraq two decades ago.Then there is the contingency of Benjamin Netanyahu under the pressure of a pending legal action postponed because of national security contingencies. Many believe the unilateral Israeli initiation of war with Iran is linked to enhancing the contingencies. Israel employed air-launched and long-range missiles against known and suspected nuclear sites, drone facilities, missile depots, and command-and-control nodes. Its ability to damage the Natanz facility, partially above ground, is plausible. But Fordow, buried deep beneath a mountain near Qom, presents a greater challenge. It's fortified beneath layers of rock and concrete, likely beyond the reach of even sophisticated Israeli bunker-busting munitions. Nonetheless, cyber sabotage, electromagnetic disruption and precision strikes on adjoining infrastructure would have happened.With much of Iran's proxy network— from Hezbollah in Lebanon to Houthis in Yemen—disrupted or degraded through prior action, Israel is now systematically targeting Iran's conventional military infrastructure. This would include airbases, radar systems, ballistic missile launchers, drone factories, logistics hubs and military units. Such a strategy, while risky, is motivated by the belief that this is a narrow window of opportunity to impose long-term strategic costs on Iran's ability to project power. Ensuring Iran's proxies do not reconstitute easily will also be a challenge.

The US has not publicly joined the war, but its imprint is unmistakable. Washington's strategic backing and coordination is a force multiplier.

Acid test for India's Look West policy

New Delhi may find it progressively difficult to sustain its policy posture in West Asia amid the Israel-Iran conflict

